Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 14 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

आचरणमय जीवन ही अपने दर्पण का काम करता है।

Righteous conduct itself works as mirror.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

नीतीश सरकार को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने आरक्षण बढ़ाने का फैसला किया रद्द

पटना (आरएनएस)। पटना हाईकोर्ट ने गुरुवार को राज्य सरकार को बड़ा झटका देते हुए आरक्षण बढ़ाने का फैसला रद कर दिया है। दरअसल, राज्य में आरक्षण की सीमा 50 फीसदी होती है, लेकिन बिहार सरकार ने आरक्षण को 65 फीसदी तक बढ़ा दिया था, जिसे हाई कोर्ट ने अब रद कर दिया है। आरक्षण कानून में किए गए हालिया संशोधन की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को स्वीकृति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन एवं न्यायाधीश हरीश कुमार की खंडपीठ ने विगत 11 मार्च को इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे गुरुवार को सुनाया गया।

झारखंड में सीएम, मंत्रियों और विधायकों के वेतन-भत्ते बढ़ाने पर भाजपा ने सरकार को घेरा

रांची (आरएनएस)। झारखंड के पूर्व सीएम और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में सीएम, मंत्रियों और विधायकों के वेतन-भत्ते में वृद्धि पर राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के पास गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए पैसे की कमी रहती है, लेकिन सत्ताधारियों एवं जनप्रतिनिधियों के लिए धन की वर्षा होने लगती है। दरअसल, झारखंड कैबिनेट ने बुधवार को सीएम, मंत्रियों, विधायकों, स्पीकर, पार्टी सचेतकों के वेतन-भत्ते में एकमुश्त भारी इजाफे का निर्णय लिया है।

जम्मू-कश्मीर को मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा, श्रीनगर में पीएम मोदी का बड़ा ऐलान

- 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन
- 1,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार (जेकेसीआईपी) परियोजना की भी शुरुआत
- जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित

जम्मू (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जम्मू कश्मीर दौरे पर पहुंचे और उन्होंने श्रीनगर में 'युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव' कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने जम्मू कश्मीर को करीब 3300 करोड़ रुपये का तोहफा दिया। मोदी ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि वो दिन भी जल्द आएगा जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्वल बनाएगा। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं, जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार काम करती है और नतीजे दिखाती है। तीसरी बार सरकार बनाने से दुनिया को स्थिरता का संदेश मिला है। हमारी सरकार को लेट-लतीफी पसंद नहीं है। आज जो बदलाव जम्मू-कश्मीर में दिख रहे हैं, वह बीते 10 साल में हमारे काम का नतीजा है।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 1,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार (जेकेसीआईपी) परियोजना की भी शुरुआत की। प्रधानमंत्री

ने जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मोदी ने कहा कि आज जम्मू एवं कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है और इसके तहत यहां हजारों किलोमीटर नई सड़कें बनी हैं, कश्मीर घाटी रेल संपर्क से भी जुड़ रही है। चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे बड़े रेलवे ब्रिज का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इसकी तस्वीरें देखकर तो हर भारतवासी गर्व से भर उठता है। लोकसभा चुनाव के नतीजों को उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जनता को सिर्फ 'हम% पर विश्वास है और इस विश्वास व उनकी आकांक्षाओं को 'हमारी सरकार% ही पूरा कर सकती है। उन्होंने कहा कि जनता को हमारी नीयत और नीतियों पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व वाली पिछली सरकार के प्रदर्शन के आधार पर 60 साल के बाद तीसरी बार किसी सरकार को देश में जनादेश मिला है।

प्रधानमंत्री मोदी 21 जून को योग दिवस पर सुबह 6.30 बजे से कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत SKICC के बैकयार्ड में डल झील के किनारे योग आसन करेंगे। इस दौरान करीब 7 हजार लोग उनके साथ योग करेंगे। कुछ लोगों को विभिन्न आसनों की ट्रेनिंग दी गई है। कश्मीर में पीएम मोदी के दौरे को देखते हुए प्रशासन ने आम जनता के लिए रास्ते से जुड़ी हुई एडवाइजरी जारी की है।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में करेंगे योगाभ्यास

सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित योगाभ्यास में शामिल होंगे नामांकित अतिथि

प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। योग दिवस की पूर्व संध्या पर आज यहां जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि योग मूल रूप से शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करने की एक प्रक्रिया है। इससे शारीरिक शक्ति के साथ हमें सकारात्मकता और आंतरिक भावनात्मक मजबूती भी मिलती है। वास्तव में योग स्वस्थ, तनावमुक्त और अनुशासित जीवन जीने की एक शैली है। विष्णुदेव साय ने कहा है कि योग को निरोग रहने का उत्तम साधन माना गया है। यह भारत की प्राचीन परंपरा है। हमारे ऋषि-मुनियों ने इसके महत्व को बहुत पहले से ही जान लिया था। अब पूरा विश्व योग का महत्व समझ रहा है। हर साल 21 जून को पूरा विश्व योग दिवस मनाता है।

रायपुर (विश्व परिवार)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेने सुबह 7 बजे राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान पहुंचेंगे और योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दोपहर 1:25 बजे पर रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड से धमतरी के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना होकर ग्राम मुजगहन के केन्द्रीय विद्यालय परिसर में बनाए गए हेलीपेड में दोपहर 1:55 बजे पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री साय 2 बजे मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल रत्नाबांधा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'मिशन अव्वल' सम्मान समारोह में हिस्सा लेंगे। दोपहर 3:30 बजे मुख्यमंत्री धमतरी से रवाना होकर 4:05 बजे रायपुर लौट आएंगे।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव कोरबा तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा दुर्ग जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बिलासपुर में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, कांकेर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कोरिया में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुद में मंत्री दयालदास बघेल, नारायणपुर में मंत्री केदार कश्यप, कबीरधाम में मंत्री लखनलाल देवांगन, बलौदाबाजार में मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, जांजगीर-चांपा में मंत्री ओ.पी.चौधरी, धमतरी में मंत्री टंकराम वर्मा, राजनांदगांव में सांसद संतोष पाण्डेय, सरगुजा में सांसद चिन्तामणी महाराज, जशपुर में सांसद राधेश्याम राठिया, सुकमा में सांसद महेश कश्यप, गरियाबंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, बेमेतरा में सांसद विजय बघेल, बालोद में सांसद भोजराज नाग, सक्ती में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, रायगढ़ में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, बस्तर में विधायक किरण देव, दंतेवाड़ा में विधायक चैतराम अटामी, बीजापुर में विधायक नीलकंठ टेकाम, कोण्डागांव में विधायक सुश्री लता उसेण्डी, मुंगेली में विधायक पुन्नुलाल मोहले, खैरागढ़-छुईखदान में विधायक श्रीमती भावना बोहरा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगी।

राहुल गांधी ने नीट और यूजीसी नेट एग्जाम को लेकर केंद्र सरकार पर किया बड़ा हमला

नई दिल्ली (विश्व परिवार)। राहुल गांधी ने नीट और यूजीसी नेट एग्जाम को लेकर केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कहा जा रहा था कि मोदी जी ने रूस-यूक्रेन युद्ध को रोक दिया। नरेंद्र मोदी भारत में पेपर लीक को रोक नहीं पाए हैं या रोकना नहीं चाहते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि पेपर लीक का कारण है कि सारे वाइस चांसलर एजुकेशन सिस्टम को भाजपा के लोगों ने और उनके पेरेंट्स आर्गेनाइजेशन ने कैप्चर कर रखा है. राहुल गांधी ने आगे कहा कि पेपर लीक का कारण यह है कि शिक्षा व्यवस्था पर RSS ने कब्ज़ा कर लिया है। जब तक यह नहीं बदला जाएगा, पेपर लीक होते रहेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस कब्ज़े को आसान बनाया है। यह एक एंटी नेशनल एक्टिविटी है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हजारों लोगों ने पेपर लीक की शिकायत की। उन्होंने यह भी दावा किया कि पेपर लीक तब तक बंद नहीं होंगे, जब तक शैक्षणिक संस्थानों से RSS-BJP का कब्जा नहीं हटता।

आरएसएस-भाजपा का कब्जा है और जब तक इसे बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होने बंद नहीं होंगे। राहुल गांधी ने यह भी कहा दावा कि नीट मामला मध्य प्रदेश के व्यापम मामले का विस्तृत रूप है। राहुल गांधी ने कहा कि, पेपर लीक का कारण है कि सारे वाइस चांसलर एजुकेशन सिस्टम को भाजपा के लोगों ने और उनके पेरेंट्स आर्गेनाइजेशन ने कैप्चर कर रखा है। **फोटो स्टोरी- कमल नयन नारंग**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून 2024

हार्दिक शुभकामनाएं

योग से हमें असीम शांति मिलती है, हम जीवन की चुनौतियों का सामना शांति और धैर्य के साथ कर सकते हैं।

- श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

योग

तन और मन रहे निरोग



श्री विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

SAMVAD- 40492/ 21

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सोशल मीडिया हैंडल से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें ...

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

जिले को स्किल हब बनाने की तैयारी, जल्द ही प्रारंभ होगा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान

परंपरागत ट्रेड से हटकर आधुनिकता पर जोर, विस्तृत कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश ● कलेक्टर ने तकनीकी शिक्षा विभाग की कामकाज की समीक्षा की

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। कलेक्टर दीपक सोनी ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में तकनीकी शिक्षा विभाग से संबंधित, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, लाईवलीहुड, वीटीपी एवं स्किल ट्रेनिंग प्रोवाइडर एजेंसियों के कामकाज की समीक्षा की है। जिसमें वर्तमान में परंपरागत ट्रेड से हटकर आधुनिकता पर जोर देते हुए मार्केट के अनरूप लोगों कौशल प्रशिक्षण देने कहा गया है। इसके लिए एकीकृत विस्तृत कार्ययोजना बनाकर 7 दिन में प्रस्तुत करने के निर्देश संचालक कौशल विकास को दिए है। इसके साथ ही अब जिला मुख्यालय में एसबीआई को आरएसईटीआई रूरल सेल्फ इंप्लॉयमेंट इंस्टीट्यूट अर्थात् ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जुलाई से प्रारंभ करने के दे निर्देश दिए हैं। जिसके माध्यम से प्रोजेक्ट उन्नति में भी तेजी आएंगी। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा की जिले के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ते हुए उनको शत प्रतिशत रोजगार मिले या अपना व्यवसाय प्रारंभ कर सके इस दृष्टि से कार्य करने की जरुरत है। बैठक में श्री सोनी ने सभी आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं लाईवलीहुड कॉलेजों के ट्रेड एवं क्षमता वार जानकारी हासिल की। इस दौरान जिले में स्थापित विभिन्न सीमेंट कंपनियों एवं अन्य प्लांट के द्वारा सीएसआर के माध्यम से संचालित कौशल उन्नयन के संबंध में जानकारी दिए। इस दौरान न्यूवको सोनाडीह एवं एपीएल अपोलो के द्वारा प्रशिक्षण देकर शत प्रतिशत प्लेसमेंट की कलेक्टर ने खुले मन से प्रशंसा करते हुए सभी को इसी तरह कार्य करने का निर्देश दिए है। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, जिले के सभी आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं लाईवलीहुड प्राचार्यो सहित सभी सीमेंट प्लांट ट्रेनिंग सेंटर संचालक, निजी वीटीपी सेंटर संचालक एवं प्रतिनिधि सहित कौशल विकास से अनिल प्रधान, रोजगार आधिकारी मनोरमा भगत, नायब तहसीलदार अक्षय तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

शराब पीकर आने वाले शिक्षक निलंबित, कलेक्टर ने की थी अनुशंसा

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। कल विभिन्न मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी अनुसार वि.ख. बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम गिंदोला के शा.उ.मा.वि.में प्रभारी प्राचार्य के रूप पदस्थ परमेश्वर सिंह सेन (मूल पद व्याख्याता) को कलेक्टर दीपक सोनी की अनुशंसा पर तत्काल प्रभाव से निलबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि के दौरान इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला बलौदाबाजार- भाटापारा निर्धारित किया गया है। साथ ही निलंबन अवधि में संबंधित को नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। जिला शिक्षा अधिकारी जिला बलौदाबाजार- भाटापारा के पत्र क्रमांक/शिकायत/जांच/निल. प्रस्ताव/4039, दिनांक 18 जून 2024 के द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार परमेश्वर सिंह सेन, प्रभारी प्राचार्य (मूल पद व्याख्याता), शा.उ.मा.वि., गिंदोला, वि.ख. बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा के विरूद्ध 18.जून 2024 को विद्यालय में शराब पीकर पढ़े होने संबंधी वीडियो सहित प्राप्त शिकायत की विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, वि.ख. बलौदाबाजार द्वारा विद्यालय पहुंच कर जांच की गई। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बलौदाबाजार के विद्यालय पहुंचने से पूर्व श्री सेन बिना किसी को सूचित किये अपनी बाईक एवं मोबाईल विद्यालय में छोड़कर ही चले गये। विद्यालय में उपस्थित ग्राम पंचायत गिंदोला के सरपंच, ग्रामवासियों सकुल शैक्षिक समन्वयक, विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों, लिपिकों एवं सफाई कर्मचारी ने अपने लिखित बयान में परमेश्वर सिंह के द्वार विद्यालय में अधिकांशत: शराब पीकर आने एवं अध्यापन कार्य नहीं करने का उल्लेख किया गया है। जिस आधार पर श्री सेन निलंबित करने की अनुशंसा की गई थी। गौरतलब है की उक्त कार्रवाई छ.ग.सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के विपरीत है। अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) के तहत की गई है।

राज्यपाल से एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जीपी सिंह ने सौजन्य मुलाकात की

रायपुर (विश्व परिवार)। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) नई दिल्ली के महानिदेशक अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त लेफ्टिनेंट जनरल श्री जी.पी. सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। उनके साथ एनसीसी (छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश) के सहायक महानिदेशक मेजर जनरल श्री ए.के. महाजन, ग्रुप कमाण्डर श्री विक्रम चौहान और ब्रिगेडियर श्री निलेश चौधरी भी उपस्थित थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में एनसीसी की गतिविधियों की जानकारी राज्यपाल को दी। राज्यपाल ने एनसीसी के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने एवं समाज के लिए उनके दायित्वों के प्रति जागरूकता लाने हेतु गतिविधियां करने कहा। इस अवसर पर एनसीसी के अधिकारियों ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

टीईटी व पीपीटी की प्रवेश परीक्षा 23 जून को, 24 परीक्षा केन्द्रों में 13 हजार 930 परीक्षार्थी होंगे शामिल

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी एवं पीपीटी की प्रवेश परीक्षा रविवार 23 जून 2024 को आयोजित की जायेगी। छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा एवं पीपीटी प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का दाखिला राज्य के सरकारी एवं निजी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में होगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में कुल 24 परीक्षा केन्द्र- दाऊ कल्याणसिंह शासकीय कॉलेज बलौदाबाजार, शासकीय मिनीमाता कन्या कॉलेज बलौदाबाजार, सेजेस हिन्दी मीडियम पण्डित चक्रपाणि शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, पण्डित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिस मीडियम स्कूल एमडीबी बलौदाबाजार, गुरूकुल इंग्लिस मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रिसदा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सकरी, अंबुजा विद्यापीठ रवान, शासकीय जीएन्ए स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा, शासकीय मल्टीपर्पस हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा, पंचम दीवान शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा, नगर पालिका कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिस मीडियम स्कूल भाटापारा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रामसागर पारा भाटापारा, शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिस मीडियम विद्यालय दाउ विष्णुदत्त वर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल पलारी, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अर्जुनी, शासकीय महाविद्यालय लवन, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल लवन, शासकीय दौलत राम शर्मा पीजी कॉलेज कसडोल, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम गुरु घासीदास हायर सेकेण्डरी स्कूल कसडोल, मिनीमाता शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल कसडोल एवं डीएमवही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कसडोल को बनाये गये हैं।

24 परीक्षा केन्द्रों में दो पॉलियों को मिलाकर इस प्रवेश परीक्षा में जिले में कुल 13 हजार 930 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। पीपीटी प्रवेश परीक्षा केवल एक पाली पूर्वान्ह 9 से 12.15 बजे तक तथा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा दो पालियों में होगी प्राथमिक (कक्षा-1 से 5 तक अध्यापन हेतु) प्रथम पाली में पूर्वान्ह 9.30 से 12.15 बजे एवं उच्च माध्यमिक (कक्षा-6 से 8 तक अध्यापन हेतु) द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 4.45 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा में शामिल हो रहे बच्चों को निर्धारित समय से आधा घण्टा पहले पहुंचना अनिवार्य है। व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र के साथ अपने परिचय पत्र की मूल प्रति जरूर अपने साथ रखें।

नगरीय निकायों में 'स्वच्छ मन स्वच्छ शहर' की थीम पर होगा योग दिवस का आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'स्वच्छ मन स्वच्छ शहर' की थीम पर मनाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में कोरबा में इसका मुख्य आयोजन होगा। प्रदेश भर के नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता दीदियां, स्वच्छता कमांडो, स्वास्थ्य कर्मचारी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने नगरीय निकायों में वेब लिंक के जरिए कोरबा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से जुड़ेगे और योगाभ्यास करेंगे। स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता कमांडो, स्वास्थ्य कर्मचारियों तथा अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य मे सुधार, स्वच्छता के प्रति जागरूकता, तनाव प्रबंधन, एकाग्रता व कार्यक्षमता में वृद्धि तथा कार्यस्थल पर सकारात्मकता के लिए सभी नगरीय निकायों में हार्टफुलनेस के माध्यम से ''स्वच्छ मन स्वच्छ शहर'' की थीम पर विशेष योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। सभी नगरीय निकायों में इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव 21 जून को सवेरे पौने सात बजे कोरबा के छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल फुटबाल मैदान में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। सभी नगरीय निकाय वेब लिंक के जरिए कोरबा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से जुड़ेंगे और योगाभ्यास करेंगे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे मुख्य अतिथि

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनान्तर्गत **शंकर नगर,** रायपुर में स्थित **भवन क्र.-ए-30,** सेक्टर-01, **श्री दीपक सुराना पिता- स्व. भीखमचंद सुराना,** के नाम पर इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्रमांक-**211** दिनांक **06.09.1988** के माध्यम से नामांतरित किया गया है। वर्तमान में नामांतरी **श्री दीपक सुराना पिता स्व. भीखमचंद सुराना,** की मृत्यु दिनांक **13.05.2003** को हो जाने के कारण उनकी **पत्नी श्रीमती पुष्पलता सुराना पति स्व. दीपक सुराना एवं उनकी पुत्री श्रीमती गरिमा नाहर पति श्री अखिल नाहर,** निवासी विकास विला, सी.एम. हाउस के सामने, सिविल लाईन, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उपरोक्त भवन को नामांतरी **श्री दीपक सुराना पिता स्व. भीखमचंद सुराना,** की मृत्यु होने के उपरांत उनकी **पत्नी श्रीमती पुष्पलता सुराना पति स्व. दीपक सुराना एवं उनकी पुत्री श्रीमती गरिमा नाहर पति श्री अखिल नाहर** के नाम पर **नामांतरण** किया जाना है।

अत: उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की पैनी नजर

जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति ने अब तक प्रेषित किए 55 प्रकरण, 3 पर अपराध दर्ज करते हुए अन्य 4 व्यक्तियों की हुई पहचान

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश में 10 जून आगजनी की घटना एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन पैनी नजर रखे हुएं है। जिसके तहत प्रशासन को बड़ी सफलता मिल रही है। जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति ने अब तक 55 संदिग्ध प्रकरण (फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सप एवं ट्वीटर की आईडी) पहचान कर एसडीएम के माध्यम से एसडीओपी को लगातार भेजा जा रहा है। जिसमें सायबर पुलिस एवं थाना प्रभारियों की मदद से 3 पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही आज अन्य 4 व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। उक्त प्रकरणों में अनुविभाग बलौदाबाजार 49, कसडोल 5 एवं सिमगा के1 प्रकरण शामिल है। सायबर सेल द्वारा लगातार संदिग्ध आईडी की पहचान हेतु गूगल, इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सप कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले वासियों से अपील करते हुए किसी भी व्यक्ति को सोशल मीडिया में भड़काऊ कंटेन पोस्ट करने बचने कहा है।

यदि किसी भी व्यक्ति का पोस्ट भड़काऊ या सामजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला होगा तो निश्चित ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है की कानून एवं व्यवस्था के संदर्भ में सोशल मीडिया के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया में जिले के सम्बन्ध में चल रहे गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं नकारात्मक गतिविधियों सम्बन्धी लेखों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से सोशल मीडिया में नकारात्मक लेखों, तथ्यों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।अवैधानिक एवं आपत्तिजनक पोस्ट, कमेंट्स आदि पाये जाने पर समिति प्रतिदिन जानकारी संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को त्वरित कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 172 दिनांक 18.06.2024
वार्ड का नाम- मेटल पार्क वार्ड
वार्ड क्र. 9 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **9** मांग **पंजी क्र. 37 युआईडी 13644** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **मनीषा ठाकुर/ कुमान सिंह ठाकुर** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **आई.आई.एफ.एल. होम फाइनेंस लिमि./ सुमित सिंह राजपूत** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **18-07-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 173 दिनांक 18.06.2024
वार्ड का नाम- मेटल पार्क वार्ड
वार्ड क्र. 9 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **9** मांग **पंजी क्र. 37 युआईडी 13644** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **आई.आई.एफ.एल. होम फाइनेंस लिमि./ सुमित सिंह राजपूत** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **भुवन लाल साहू/ मेहतरू राम साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **18-07-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 174 दिनांक 18.06.2024
वार्ड का नाम- मेटल पार्क वार्ड
वार्ड क्र. 9 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **9** मांग **पंजी क्र. 37 युआईडी 13644** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **भुवन लाल साहू/ मेहतरू राम साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **रिंकू गुप्ता/ बेचाई गुप्ता** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **18-07-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /12361/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 20-06-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 12361
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801L00943** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NIDHISH KUMAR KOSHTI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **A.K. KOSHTI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SURESH KUMAR NARASIMMAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARASIMMAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /12363/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 20-06-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 12363
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801L00944** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NIDHISH KUMAR KOSHTI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **A.K. KOSHTI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SURESH KUMAR NARASIMMAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARASIMMAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर
प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नं.-0771-4016094
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

// आम-सूचना //

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजना **बेलभाठा, अभनपुर,** रायपुर में निर्मित **स्वतंत्र भवन क्रमांक-38, श्री समलिया राम साहू पिता स्व. श्री मगलू राम साहू,** के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक-**4685** दिनांक **01.11.2008** के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **19.03.2010** को लीज डीड पंजीकृत उपरांत दिनांक **12.09.2014** को हस्तांतरण विलेख (**फ्री-होल्ड**) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण-विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को **श्रीमति सरोज सेन पति श्री खेदू राम सेन,** के पक्ष में दिनांक **16.12.2014** को विक्रय-विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया। पुन: उक्त भवन को **श्रीमति गायत्री वैष्णव पति श्री हरिओम वैष्णव,** निवासी: म.नं.-5/484, रामसागर पारा, हनुमान मंदिर के पास राम सप्ताह गली रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक **09.11.2023** को विक्रय-विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। **क्रेता श्रीमति गायत्री वैष्णव पति श्री हरिओम वैष्णव,** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर मण्डल के अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन का **फ्री-होल्ड** उपरांत मण्डल के अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर
प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नं.-0771-4016094
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

// आम-सूचना //

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजना **बेलभाठा, अभनपुर,** रायपुर में निर्मित **स्वतंत्र भवन क्रमांक-212, श्री निर्मल दास पिता श्री संतोष दास,** के नाम पर इस कार्यालय के आवंटन आदेश क्रमांक-**3747** दिनांक **19.07.2013** के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **15.04.2014** को लीज डीड पंजीकृत उपरांत दिनांक **04.09.2021** को हस्तांतरण विलेख (**फ्री-होल्ड**) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण-विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को **श्री महादेव साहू पिता श्री पुसउ राम साहू,** निवासी:- वार्ड नं.-14, ग्राम - अछोटी, तहसील- कुरूद तहसील- कुरूद, जिला- धमतरी (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक **22.04.2024** को विक्रय-विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। **क्रेता श्री महादेव साहू पिता श्री पुसउ राम साहू** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर मण्डल के अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन का **फ्री-होल्ड** उपरांत मण्डल के अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04
मामले की श्रेणी : राजस्व
संदर्भ:- जिला- **रायपुर** तहसील- **धरसीवा**
प.ह.न.-**00023 बरौदा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**RD202324440718900075**

ईश्तहार

तहसील **धरसीवा** के **प.ह.न. 00023** के अंतर्गत ग्राम **बरौदा** के वर्तमान भूमिस्वामी **मेसर्स चन्द्राकर बिल्डर्स द्वारा पार्टनर सोहन लाल चन्द्राकर पिता/पति- कुलेश्वर प्रसाद प्रशांत चन्द्राकर** पता- **बरौदा, विकास चन्द्राकर पिता/पति-सोहन लाल चन्द्राकर** पता- **बरौदा, प्रशांत चन्द्राकर पिता/पति- सोहन लाल चन्द्राकर, पता- बरौदा** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **229/43 (0.0179)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **देवेन्द्र नैयर पिता/पति-राजेन्द्र मोहन नैयर** पता- **निवासी सडडू रायपुर** के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **01/07/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान- न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **10/06/2024** को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
jayendra singh
उप तहसील, धरसीवा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04
मामले की श्रेणी : राजस्व
संदर्भ:- जिला- **रायपुर** तहसील- **धरसीवा**
प.ह.न.-**00023 बरौदा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**RD202324440718900076**

ईश्तहार

तहसील **धरसीवा** के प.ह.न. **00023** के अंतर्गत ग्राम **बरौदा** के वर्तमान भूमिस्वामी **प्रशांत चन्द्राकर पिता/पति- सोहन लाल चन्द्राकर पता-बरौदा, मेसर्स चन्द्राकर बिल्डर्स द्वारा पार्टनर सोहन लाल चन्द्राकर पिता/पति-कुलेश्वर प्रसाद चन्द्राकर पता- बरौदा, विकास चन्द्राकर पिता/पति-सोहन लाल चन्द्राकर पता-बरौदा** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **229/43 (0.0180)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ **क्रेता श्रीमति रमा बाई जादौन पिता/पति-बलराम सिंह जादौन पता-निवासी सड्डू रायपुर** के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **01/07/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **10/06/2024** को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
jayendra singh
उप तहसील, धरसीवा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04
मामले की श्रेणी : राजस्व
संदर्भ:- जिला- **रायपुर** तहसील- **धरसीवा**
प.ह.न.-**00023 बरौदा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**RD202324440718900078**

ईश्तहार

तहसील **धरसीवा** के प.ह.न. **00023** के अंतर्गत ग्राम **बरौदा** के वर्तमान भूमिस्वामी **प्रशांत चन्द्राकर पिता/पति-सोहन लाल चन्द्राकर पता-बरौदा, मेसर्स चन्द्राकर बिल्डर्स द्वारा पार्टनर सोहन लाल चन्द्राकर पिता/पति- कुलेश्वर प्रसाद चन्द्राकर पता-बरौदा, विकास चन्द्राकर पिता/पति-सोहन लाल चन्द्राकर पता-बरौदा** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **229/43 (0.0360)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ **क्रेता श्रीमति शिखा लाल पिता/पति-प्रशांत लाल पता-निवासी शंकर नगर रायपुर** के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **01/07/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **10/06/2024** को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
jayendra singh
उप तहसील, धरसीवा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04
मामले की श्रेणी : राजस्व
संदर्भ:- जिला- **रायपुर** तहसील- **धरसीवा**
प.ह.न.-**00023 बरौदा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**RD202324440718900077**

ईश्तहार

तहसील **धरसीवा** के प.ह.न. **00023** के अंतर्गत ग्राम बरौदा के वर्तमान भूमिस्वामी **प्रशांत चन्द्राकर पिता/पति-सोहन लाल चन्द्राकर पता-बरौदा, मेसर्स चन्द्राकर बिल्डर्स द्वारा पार्टनर सोहन लाल चन्द्राकर पिता/पति- कुलेश्वर प्रसाद चन्द्राकर पता-बरौदा, विकास चन्द्राकर पिता/पति-सोहन लाल चन्द्राकर पता-बरौदा** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **229/43 (0.0180)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ **क्रेता बलराम सिंह जादौन पिता/पति-विजेन्द्र सिंह जादौन पता-निवासी सडडू रायपुर** के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **01/07/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **10/06/2024** को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
jayendra singh
उप तहसील, धरसीवा

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./12135/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 20-06-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 12135
वार्ड का नाम- 18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110D00470** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJESH KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARIRAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOUSAM BATRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KANIHIYA LAL BATRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 171 दिनांक 18.06.2024
वार्ड का नाम- मेटल पार्क वार्ड
वार्ड क्र. 9 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **9** मांग **पंजी क्र. 37 युआईडी 13644** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **श्याम बाई साहू/ तीरथ राम** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मनीषा ठाकुर/ कुमान सिंह ठाकुर** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **18-07-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर शुक्रवार 21 जून 2024

नेशनल लोक अदालत हेतु विविध बैठक का किया गया आयोजन

सभी प्रकरणों में प्रस्ताव आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जाए

कोरबा(विश्व परिवार)। नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई 2024 को जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में किया जाएगा। सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा शासकीय बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्तागणों की बैठक ली गई। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के द्वारा सभी उपस्थित बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्तागणों को चर्चा के दौरान निर्देशित दिया गया कि अधिक से अधिक चिन्हांकित प्रकरण जिसमें राजीनामा होने की संभावना हो उसकी सूची शीघ्र प्रदान किया जाए। सभी प्रकरणों में प्रस्ताव आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जाए। बैठक में खगेश कुमार साहू, शाखा प्रबंधक यूनाइटेड इंडिया कंपनी कोरबा, के.सी. सुनील कुमार ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी, प्रताप केरकेट्टा न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, लिमिटेड, बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन राठौर, एस.के. मोदी, अरूण बजाज, सुमन तिवारी, आवेदक के अधिवक्ता महेन्द्र अग्रवाल, सुनील यादव, सी.बी. राठौर, हरीश चन्द्र साहू एवं राजकुमार यादव उपस्थित थे। न्यायिक अधिकारियों की बैठक जिला न्यायाधीश द्वारा जिला न्यायालय कोरबा के वीडियो कॉन्फेसिंग कक्ष में रखा गया। जिसमें बाह्य न्यायालय कटघोरा, करतला एवं पाली के न्यायिक अधिकारी वीडियो कान्फेसिंग के माध्यम से उन्हें जोड़ा गया।

महुआ शराब पीने से चार की मौत

कोरबा(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में मंगलवार को कथित रूप से कच्ची महुआ शराब के सेवन से एक महिला समेत 3 लोगों की मौत हुई है। घटना करतला थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कोटमेर की है। ग्रामीणों ने अनुसार तीनों की मृत्यु जहरीले कच्ची शराब पीने से हुई है, मृतकों में श्रीमति मालती बाई (50), राम सिंह(60), बेदराम(49) शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि तीनों मृतक बेदराम के निवास में शराब का सेवन का रहे थे और घर में चखना और कच्ची महुआ शराब मृत पड़े शवों के पास मौजूद था। जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि मृतकों की मृत्यु जहरीली कच्ची महुआ शराब पीने से हुई है। इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि तीनों की मौत जहरीली शराब पीने से हुई यह कहना अभी ठीक नहीं होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। मामले में अभी जाँच जारी है।

संक्षिप्त समाचार

पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी ने जब्त किया लाखों का कबाड़

कोरबा(विश्व परिवार)। थाना सिविल लाईन रामपुर की पेट्रालिंग पार्टी ने अवैध रूप से लाखों रूपयों का कबाड़ ले जा रहे 6 चक्का वाहन को जब्त किया है। जब्त कबाड़ में रेल्वे का लोहे का सामान रखा होना पाया गया है। बता दें कि दिनांक 3 जून को टाउन पेट्रोलिंग निकली पुलिस पार्टी को रिस्दी चौक कोरबा में मुखबिर से सूचना मिली कि न्यू गोल्डन ब्राउन कलर 6 कच्चा आईचर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजे 7229 के चालक गुलशन कुमार महोबे के द्वारा अपने वाहन में अवैध रूप से लोहे का कबाड़ परिवहन कर ले जाने वाला है। सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी ने जैन पब्लिक स्कूल के पास गोढी रोड कोरबा में दबिश दी और जांच की तो देखा कि उक्त वाहन में 10 टन लोहे का कबाड़ कीमत करीबन 3,70,000 रूपये भरा हुआ था। वाहन चालक से उक्त लोहे के कबाड़ के संबंध में पुछताछ की गई तो उसने किसी प्रकार का दस्तावेज होने से इंकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने ट्रक सहित कबाड़ को धारा 102 सीआरपीसी के तहत जप्त कर लिया। उक्त जप्त शुदा वाहन क्रमांक आईचर वाहन में लोहे के कबाड में रेल्वे का लोहे का सामान रखा होना पाया गया है।

ट्रैलर चालक से बाइक सवार युवकों ने की लूटपाट

कोरबा(विश्व परिवार)। जिले में मानिकपुर रेलवे फाटक बंद होने पर द्वितीय प्रवेश द्वार के पास खड़े ट्रैलर के चालक से बाइक में पहुंचे दो युवको द्वारा लूटपाट करने का आरोप लगाया गया हैं। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार कोरबा-चांपा मार्ग के उरगा थाना अंतर्गत ग्राम मौहार निवासी मनीष कुमार यादव सतगुरू ट्रांसपोर्ट कोरबा में वाहन चालक है, जो सीजी-12 -बीएच- 4995 नंबर की ट्रैलर को चलाता है। वह अपने साथी ड्राइवर राम खिलावन कंवर के साथ उक्त ट्रैलर में गेवरा खदान से कोयला लेकर रायगढ़ के लिए रवाना हुआ था। मुड़ापार बायपास से गुजरते समय तड़के पांच बजे मानिकपुर रेलवे फाटक बंद मिला। मनीष ने ट्रैलर को रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार के पास खड़ा कर दिया। इस दौरान बाइक में दो लोग वहां पहुंचे, जो ट्रैलर के दोनों दरवाजा खोलकर अंदर घुसे। इनमें से एक ने चाकू दिखाते हुए मारने-पीटने का भय दिखाया, जिसके बाद वे मनीष के पास रखे 3 हजार रुपए, मोबाइल सहित राम खिलावन के जेब से 12 हजार व उसका मोबाइल भी लूट लिया। उक्त घटना की रिपोर्ट मानिकपुर चौकी में लिखाई गई। पुलिस ने मामले में कथित आरोपियों के खिलाफ लूट का केस दर्ज कर लिया है। मुड़ापार बायपास रोड पर रेलवे फाटक से लेकर एसईसीएल के सेंट्रल वर्कशॉप मोड़ तक सूनसान क्षेत्र पड़ता है, जहां अकसर ही नशेड़ी युवक खड़े व चल रहे मालवाहकों को रोककर ड्राइवरों से मारपीट करते हुए लूटपाट करते हैं।

ट्रेलर चोरी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायगढ़(विश्व परिवार)। सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर वाहन को चोरी करने वाले आरोपी को पूंजीपथरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी हुए ट्रेलर को बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मिली जानकारी के अनुसार 17 जून को ट्रेलर वाहन सीजी 13 ए.एस. 9155 के ड्राइवर अनुज कुमार यादव ने पूंजीपथरा थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जहां उसने बताया कि 17 जून को दोपहर डोंगामहुआ पावर प्लांट में कोयला खाली कर सुबह करीब 8:00 बजे ट्रेलर को सर्विसिंग कराने ओम मोटर गेरवानी लेकर आ रहा था। दोपहर करीब 12:00 बजे सिंघल गेट तराईमाल के पास ट्रेलर को सड़क किनारे खड़ी कर वाहन की चाबी गाड़ी में ही छोड़कर दिशा मैदान के लिए गया था । 20-25 मिनट बाद आकर देखा तो ट्रेलर नहीं थी कोई अज्ञात चोर वाहन चोरी कर ले गया था । ट्रेलर वाहन के डिक्की में रखे ड्राइवर का आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और नगदी रकम 13,000 रुपए भी अज्ञात चोर ट्रेलर वाहन समेत चोरी कर ले गया था। इधर मामले में पूंजीपथरा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक कर चंद घंटों में बेलझरिया निवासी कुलदीप सिंह तक पहुंच गई। जिसे घटना से पहले ट्रेलर के पास देखा गया था। जिसे चोरी कर आरोपी ने सराईपाली जंगल में छिपा कर रखा था। जिसे जब्त कर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2650 रुपए नगदी बरामद कर लिया है। पुलिस के जांच में पता चला की आरोपी बीते कुछ दिनों से प्लांट ड्रायवरी का काम करता था, कुछ दिनों से खाली था। जिसके कारण उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया। बहरहाल इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर वाहन चोरी की त्वरित कार्यवाही में निरी ओक्षक राकेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, आरक्षक बालचंद राव, निर्दोश लकडा, सिकंदर तिर्की की अहम भूमिका रही है ।

बेमेतरा जिले के एक लाख से अधिक किसानों के खातों में 21.42 करोड़ रूपये हुये जारी

बेमेतरा(विश्व परिवार)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना के तहत आज 17वीं किस्त की राशि जारी कर दी गई है। इस योजना के तहत बेमेतरा जिले के एक लाख से अधिक किसानों के खातों में कुल 21.42 करोड़ रुपये अंतरित किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस के मेहदीगंज से इस किस्त को जारी किया, जो कि देशभर के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण और प्रतीक्षित घटना थी । पीएम किसान योजना का मुख्य उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है ताकि वे अपनी खेती संबंधी जरूरतों को पूरा कर सकें और कृषि की लागत को कम कर सकें। इस योजना के तहत पात्र किसानों को सालाना 6,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाती है, जो तीन किस्तों में दी जाती है। प्रत्येक किस्त 2,000 रुपये की होती है, जिसे सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित किया जाता है 7 बेमेतरा जिले में इस योजना का लाभ उठाने वाले किसानों की संख्या काफी अधिक है। इस बार की 17वीं किस्त में जिले के एक लाख एक हज़ार किसानों को कुल 21.42 करोड़ रुपये मिले हैं, जिससे उन्हें खेती के कार्यों में सहायता मिलेगी। यह राशि किसानों के खातों में सीधे जमा की गई है, जिससे पारदर्शिता और त्वरितता सुनिश्चित होती है। कृषि विज्ञान केंद्र झाल बेमेतरा में ज़िले के तक़रीबन 1500 किसान वर्चुअल कार्यक्रम के ज़रिए जुड़े।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम की समीक्षा

कोरिया(विश्व परिवार)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम की समीक्षा तथा विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर लंगेह ने आकांक्षी कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा दिए गए पांच थीम स्वास्थ्य और पोषण, षिक्षा, कृषि एवं सम्बद्ध सेवाएं, बुनियादी ढ़ाचे और सामाजिक विकास के अंतर्गत आयोग द्वारा प्राप्त छः संकेतक पर प्रमुखता से समीक्षा की। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के गर्भवती माताओं का रजिस्ट्रेषन, डायबटीज एवं ब्लड प्रेसर स्क्रीनिंग, महिला एवं बाल विकास विभाग के गर्भवती महिलाओं को अनुपूरक भोजन कृषि विभाग के मृदा परीक्षण कार्ड के विरूद्ध मृदा सैंपल कलेक्षन करने पर चर्चा की गयी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से दिए गए लक्ष्य को जल्द-से-जल्द पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर लंगेह ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा पर प्रकरणों का निराकरण करने तथा हाई कोर्ट के प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी लेते हुए। आगामी 30 जून तक सोनहत विकासखण्ड को 100 तथा बैकुण्ठपुर को 200 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य दिए। कलेक्टर ने मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों में लक्ष्य के अनुरूप श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देष दिए।

चाय की चुस्की लेते हुए कलेक्टर-एसपी ने व्यापारियों के साथ की चर्चा

शहर भ्रमण कर लिया जायजा

बलौदाबाजार(विश्व परिवार)। कलेक्टर दीपक सोनी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बुधवार को बलौदाबाजार नगर का भ्रमण कर मौजूदा हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गार्डन चौक,दशहरा मैदान अंबेडकर चौक सहित नवीन मंडी परिसर का अवलोकन कर वहा उपस्थित व्यापारियों से मुलाकात कर चर्चा की। व्यापारियों ने कलेक्टर एसपी को अपने बीच पाकर देखते ही चाय के लिए आमंत्रित किया। कलेक्टर दीपक सोनी एवं एसपी विजय अग्रवाल ने सहज आमंत्रण स्वीकार करते हुए अमृततुल्य में ही व्यापारियों के साथ बैठकर,चर्चा करते हुए चाय की चुस्की ली। इस दौरान व्यापारियों एवं शहर वासियों से शहर की हालत एवं मार्केट के संबध में जानकारी हासिल की। व्यापारियों ने बताया की शहर में अब किसी भी तरह की कोई दिक्कत नही है। दुकानें भी अच्छी चल रही है। आम लोग भी आसानी से दुकानें पहुंच रहे है। कलेक्टर सोनी ने कहा की यदि आस पास कोई बाहरी संदिग्ध व्यक्ति एवं समाज को तोड़ने वाली संदिग्ध गतिविधियां करने।की जानकारी मिलती है तो इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से पुलिस कंट्रोल रूम को देवे. उन्होंने सभी दुकान वासियों से कंट्रोल रूम का फोन नंबर 9479190629 को नोट कराते हुए दूकानों के सामने डिस्प्ले करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने व्यापारियों का कहा किसी भी व्यापारियों को अब डरने की जरूरत नही है। पुलिस पुरी मुस्तैदी के साथ चाकचौबंध सुरक्षा में लगी हुई हैं।

तोखन साहू ने सिकल सेल जेनेटिक कार्ड बांटे

बिलासपुर(विश्व परिवार)। केन्द्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर नगर पंचायत कोटा में सिकल सेल जेनेटिक कार्ड हितग्राहियों को बांटे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सिकलसेल रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार सिकलसेल दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में रामदेव कुमावत, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। साहू ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सिकल सेल की जाँच और परीक्षण आवश्यक रूप से कराना चाहिए और इसकी रोकथाम के लिए सभी को जागरूक होना आवश्यक है। विवाह के पूर्व सभी महिला और पुरुष को सिकलसेल की जाँच करानी चाहिए। राज्य सरकार सिकल सेल एनीमिया को छत्तीसगढ़ से पूरी तरह खत्म करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह संकल्प है कि प्रदेश को स्वस्थ और विकसित प्रदेश बनाना है। जागरुकता के माध्यम से ही इस बीमारी पर अंकुश लगाया जा सकता है। इसके साथ ही जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में भी विश्व सिकलसेल दिवस मनाया गया और सिकलसेल जेनेटिक कार्ड का वितरण किया गया। इस बीमारी के संबंध में लोगो को जागरूक भी किया गया।

जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व सिकलसेल दिवस

बिलासपुर(विश्व परिवार)। विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर आज जिला अस्पताल के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वास्थ्य विभाग और आदिवासी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीएमएचओ डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त सीएल जायसवाल, डीपीएम प्यूली मजूमदार सहित जिला अस्पताल के डॉक्टर्स, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर कमिश्नरअमित कुमार ने स्क्रीनिंग किए गए हितग्राहियों को सिकलसेल कार्ड और दवाईयों का वितरण किया। इस कार्ड से उन्हे सिकलसेल रोग का समुचित इलाज और विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने सिकलसेल रोग के लक्षण बताएं और लक्षण होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच कराने का आग्रह किया। कमिश्नर ने इस संबंध में अधिक से अधिक प्रचार करने की बात कही, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगो को इस बीमारी के लक्षणों के बारे में पता हो। सिविल सर्जन डॉ. गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष अब तक 2 हजार से ज्यादा लोगो की स्क्रीनिंग की गई जिसमें से लगभग 174 लोग संक्रमित पाए गए है, उनका इलाज किया जा रहा है। वर्ष 2022-23 में 8 हजार 5 सौ 31 लोगो की स्क्रीनिंग की गई। वर्ष 2023-24 में 7 हजार 3 सौ 70 लोगो की स्क्रीनिंग की गई। इसके साथ ही जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में भी विश्व सिकलसेल दिवस मनाया गया जिसमें सिकलसेल की जांच कर जरूरतमंदो को कार्ड का वितरण किया गया। इस बीमारी के संबंध में लोगो को जागरूक भी किया गया। हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य करता है, लेकिन सिकलसेल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्त कड़ हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते है ये रक्त कड़ शरीर की छोटी रक्त वाहिनी में फंस कर कई अंगो के रक्त प्रभाव को बाधित कर देते है। सिकलसेल रोग में भूख न लगना, खून की कमी से एनीमिया, हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार एवं थकावट, त्वचा एवं आंखो में पीलापन, बार-बार पेशाब आना, चिड़चिड़ापन, हाथ पैर में सूजन, सांस लेने मे तकलीफ, हड्डी एवं पसलियों में दर्द जैसे लक्षण शामिल है। यदि उक्त लक्षण है तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में निशुल्क जांच कराएं। पानी अधिक मात्रा में पिये, दैनिक आहार की आदतों में संशोधन करे, शांतचित रहे एवं आराम करे, अत्यधिक तापमान से बचे, संक्रमण से बचे, नियमित जांच कराएं, नियमित योग करे, विवाह पूर्व सभी को सिकलसेल जांच अनिवार्य रूप से कराना चाहिए। अधिक मात्रा में फाइबर एवं रेशेदार आहार ले, तेल एंव वसा युक्त खाद्य पदार्थो से परहेज करे। अधिक प्रोटीन वाले आहार ले एवं एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार चुने।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर शुक्रवार 21 जून 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय

ईवीएम वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता पर सवाल...

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के दावे और सवाल रविवार को एक बार फिर से उठ खड़े हुए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया में मुंबई की एक खबर-जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोक सभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार के एक रिश्तेदार ने चार जून को मतगणना के दौरान एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था जो ईवीएम से जुड़ा हुआ था-का हवाला देते हुए ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। हालांकि चुनाव आयोग ने मोबाइल से लिंक के दावे को खारिज कर दिया है, और फिर से स्पष्ट किया है कि ईवीएम स्वतंत्र प्रणाली है, और इसमें सुरक्षा के मजबूत उपाय हैं। राहूल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के चेयरमैन एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के एक पोस्ट का हवाला भी दिया जिसमें मस्क ने दावा किया है कि ईवीएम में छेड़छाड़ का खतरा बहुत अधिक है। उनका कहना है कि ईवीएम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हैक किया जा सकता है, इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' है, और किसी को भी उसकी जांच की अनुमति नहीं है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की है। बहरहाल, इस प्रकार ईवीएम पर सवाल उठाया जाना कोई नई बात नहीं है। काफी समय तक ईवीएम को लेकर पक्ष-प्रतिपक्ष के बीच तकरार रही। मामला अदालत में भी पहुंचा। अदालत ने स्पष्ट फैसला देकर इस विवाद का अंत कर दिया था। लेकिन नये घटनाक्रम के बाद प्रतिपक्ष ईवीएम को फिर से संदेह के घेरे में लाने को प्रेरित हुआ है। उसे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जतलाने, बल्कि कहें कि चुनाव में धांधली की आशंका जताने का मौका भी मिल गया है। प्रतिपक्ष चुनाव से जुड़ी संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल उठा रहा है, और जवाबदेही के अभाव में लोकतंत्र के दिखावा भर रह जाने की बात कह रहा है। ईवीएम को लेकर एक बार फिर से सियासी घमासान छिड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है।

बदलती जीवनशैली में योग को बनाएं अटूट हिस्सा

■ विश्व योग दिवस 21 जून 2024 पर विशेष: आधुनिक जटिल जिंदगी में सहायक योग

-डॉ. सुनील जैन संचय, ललितपुर

योग की उत्पत्ति प्राचीन समय में, योगियों द्वारा भारत में हुई थी। योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के शब्द से हुई है, जिसके दो अर्थ हैं ङ्क एक अर्थ है; जोड़ना और दूसरा अर्थ है ङ्क अनुशासन। योग का अभ्यास हमें शरीर और मस्तिष्क के जुड़ाव द्वारा शरीर और मस्तिष्क के अनुशासन को सिखाता है। योग आपको स्वस्थ और सुंदर बनाता है। योग भारतीय संस्कृति की हजारों-लाखों वर्ष पुरानी अमूल्य विरासत है लेकिन जब कोरोना संक्रमण का कोहराम मचा तो यह सेहत का ऐसा मंत्र हो गया जिसे सभी चिकित्सा पद्धतियों के महारथियों ने दोहराया। सभी ने माना कि घर पर रहकर भी प्राणायाम, आसन और ध्यान करके सुरक्षा कवच हासिल कर सकते हैं।

करें योग, रहें निरोग :

आज के दौर में जिस तरह से हमारी जीवनशैली और खानपान में निरन्तर बदलाव हो रहा है उसने कई नई बीमारियों को जन्म दिया है जिससे व्यक्ति में तनाव और थकान का स्तर बढ़ रहा है। इससे निकलने के लिए हमारे पास एक बहुत ही बढ़िया ईलाज है जिसे हम सब योग कहते हैं। आज लोगों ने योग शक्ति अपनाकर कई रोगों को दूर किया है और अपनी ज़िन्दगी को खुशहाल बनाया है. इसी का नतीजा है जो आज योग ने पूरे विश्व में अपनी एक मजबूत जगह बना ली है। कोविड के दौर में तो लाखों लोगों ने योग से जीवन में नई दिशा पायी है। कोरोना काल में लोगों में योग का क्रेज तेजी से बढ़ा। लोगों ने स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए योग को चुना। अपने घरों के अलावा शुद्ध ऑक्सीजन लेने के लिए बागों में पहुंचकर योग किया। लाखों लोगों ने योग से जुड़कर अपनी इम्युनिटी बढ़ाई।

शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन

पिछले पचास सालों में योग न सिर्फ एक अंतर्राष्ट्रीय घटना बन चुका है, बल्कि दुनिया के हजारों लाखों लोगों के लिए एक जाना पहचाना नाम बन चुका है। योग में जो शक्ति है वह दुनिया के और किसी भी व्यायाम में नहीं है। योग की सबसे खासियत यही है की योग के लिए आपको किसी भी प्रकार के यंत्र की आवश्यकता नहीं है। साथ ही योग एक ऐसी शारीरिक क्रिया है जिससे बिना किसी औषधि के सभी रोगों से मुक्ति पाया जा सकता है।

योग के लिए आप प्रतिदिन सुबह बस 20-30 मिनट दें और दिन भर की थकावट से दूर रहे। बच्चों के लिए भी योग एक बेहतर व्यायाम है जिससे बच्चे स्वस्थ रहते हैं और साथ ही इससे उनका दिमाग शांत और मजबूत बनता है।यह एक ऐसी पद्धति है जिसके माध्यम से शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित किया जा सकता है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का एक स्वभाविक तरीका है। योग को अपनी दिनचर्या का अंग बना लेने से हम स्?वयं को स्वस्थ महसूस करते हैं। योग के जरिए न सिर्फ बीमारियों का निदान किया जाता है, बल्कि स्वयं के अंदर एक नयी ऊर्जा का संचार किया जा सकता है। शरीर को सही आकार में लाने के लिए यह बहुत सुरक्षित, आसान और कारगर तरीका है। आत्म-अनुशासन और आत्म-जागरूकता का विकास : योग एक व्यावहारिक दर्शन की तरह है जो नियमित अभ्यास के माध्यम से हमारे भीतर आत्म-अनुशासन और आत्म-जागरूकता विकसित करता है। योग किसी भी उम्र में किसी के भी द्वारा अभ्यास किया जा सकता है क्योंकि यह उम्र, धर्म या स्वास्थ्य परिस्थितियों के परे है। योग के लिए बस अनुशासन और दृढ संकल्प ही आवश्यक शर्तें हैं। साथ ही यह जीवन में परिवर्तन, शारीरिक और मानसिक समस्याओं के बिना स्वस्थ जीवन प्रदान करता है।

योग के प्रवर्तक भगवान ऋषभदेव

यह एक आध्यात्मिक अभ्यास है, जो शरीर और मस्तिष्क के संतुलन के साथ ही प्रकृति के करीब आने के लिए ध्यान के माध्यम से किया जाता है। यह पहले समय में, हिन्दू, बौद्ध और जैन धर्म के लोगों द्वारा किया जाता था। जैन धर्म में योग अत्यन्त प्राचीन है। जैन धर्म के अनुसार योग के प्रवर्तक भगवान ऋषभदेव जी है, वे संसार के प्रथम योगी थे।जैन धर्म में तीर्थंकर महाप्रभु पद्मासन और खड्गासन कि मुद्राओ में नजर आते है। पुरातात्विक साक्ष्यो के अनुसार सिंधु घाटी सभ्यता में मिली जैन तीर्थंकरों की मूर्तियां कार्योत्सर्ग योग कि मुद्रा में थी। सभी जैन मुनि योग अभ्यास करते हैं।

मिलता है दीर्घ जीवन

यह शरीर और मन को नियंत्रित करके जीवन को बेहतर बनाता है। योग हमेशा स्वस्थ जीवन जीने का एक विज्ञान है। यह एक दवा की तरह है, जो हमारे शरीर के अंगों के कार्यों करने के ढ़ंग को नियमित करके विभिन्न बीमारियों को धीरे-धीरे ठीक करता है। योग और ध्यान को अध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से हमारे शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए अनिवार्य माना गया है। योग सिर्फ शरीर को तोड़ने-मरोड़ने का दूसरा नाम नहीं हैं। सनातन योग के अद्भुत फायदों का लोहा सिर्फ भारत ही नहीं पूरे विश्व के लोगों ने माना है क्योंकि योग के माध्यम से मस्तिष्क और शरीर का संगम होता है। दैनिक जीवन में योग का अभ्यास शरीर को आन्तरिक और बाहरी ताकत प्रदान करता है। यह शरीर के प्रतिरोधी प्रणाली को मजबूती प्रदान करने में मदद करता है, इस प्रकार यह विभिन्न और अलग-अलग बीमारियों से बचाव करता है। यदि योग को नियमित रुप से किया जाए तो यह दवाईयों का दूसरा विकल्प हो सकता है। यह प्रतिदिन खाई जाने वाली भारी दवाईयों के दुष्प्रभावों को भी कम करता है। प्राणायाम और कपाल-भाति जैसे योगों को करने का सबसे अच्छा समय सुबह का समय है, क्योंकि यह शरीर और मन पर नियंत्रण करने के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करता है।

बेहतर जीवन जीने में सहायक

हम योग से होने वाले लाभों की गणना नहीं कर सकते हैं, हम इसे केवल एक चमत्कार की तरह समझ सकते हैं, जिसे मानव प्रजाति को भगवान ने उपहार के रुप में प्रदान किया है। यह शारीरिक तंदरुस्ती को बनाए रखता है, तनाव को कम करता है, भावनाओं को नियंत्रित करता है, नकारात्मक विचारों को नियंत्रित करता है और भलाई की भावना, मानसिक शुद्धता, आत्म समझ को विकसित करता है साथ ही प्रकृति से जोड़ता है। नियमित योग करने वाले व्यक्तियों के लिए योग बहुत अच्छा अभ्यास है। यह स्वस्थ जीवन शैली और हमेशा के लिए बेहतर जीवन जीने में सहायता करता है।

तनाव और चिंता का प्रबंधन

योग के अभ्यास की कला व्यक्ति के मन, शरीर और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करती हैं। यह भौतिक और मानसिक संतुलन कर के शान्त शरीर और मन प्राप्त करवाता हैं। तनाव और चिंता का प्रबंधन करके आपको राहत देता हैं। यह शरीर में लचीलापन, मांसपेशियों को मजबूत करने और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में भी मदद करता हैं। यह श्वसन, ऊर्जा और जीवन शक्ति में सुधार लाता हैं। योग का अभ्यास करने से ऐसा लगता हैं कि जैसे यह मात्र शरीर को खींचने या तानने तक ही सीमित हैं, लेकिन आप जैसा देखते हैं, महसूस और गतिविधि करते हैं, उससे कहीं अधिक यह आपके शरीर को करने में सक्षम करता हैं। योग आसन शक्ति, लचीलापन और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं। योग का नियमित अभ्यास करने से वज़न में कमी, तनाव से राहत, प्रतिरक्षा में सुधार और एक स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने में मदद प्राप्त हो सकती हैं।

आधुनिक जटिल जिंदगी में सहायक

आधुनिक मनुष्य के लिए योग-ध्यान बहुत ही जरूरी हो गया है।आज के आधुनिक दुनिया और जटिल जिंदगी में यदि आप मानसिक तनाव मुक्त जीवन के साथ ही शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो योग-ध्यान को अपनाने की बहुत आवश्यकता है।

आधुनिक युग में प्राय

हर आदमी जिंदगी की व्यस्तताओं, जटिलताओं, पर्यावरण प्रदूषण, शोरगुल तथा विभिन्न आधुनिक मशीनों से निकलने वाले सुक्ष्म तरंगों के प्रभाव से शारीरिक, मानसिक तनाव तथा थकान अनुभव करता है। योग-ध्यान से इसके दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है।निरंतर योग-ध्यान करते रहने से शरीर-मस्तिष्क में नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता में सहयोगी है योग-ध्यान करने से शरीर की प्रत्येक कोशिका के भीतर प्राण शक्ति,जीवन्तता का संचार होता है।जिससे शरीर स्वस्थ, सबल महसूस होता है।शरीर में प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। हमें योग को जीवनशैली का अटूट हिस्सा बनाना होगा। आसन, प्राणायाम, ध्यान सकारात्मक जीवन में बहुत मददगार है। लॉकडाउन के कारण लोगों को पता चला कि हमें घर में बस तीन फुट की जगह चाहिए, जहाँ बैठकर हम योग कर सकते हैं। आइये योग दिवस 21 जून के अवसर पर हम भी योग में अपनी सार्थक भूमिका का निर्वाह करें। योग करें, कराएं और निरोग रहें।

विशेष लेख

तगड़ा घोटाला हुआ

विनीत नारायण

जब भी कभी हम किसी प्रतियोगी परीक्षा के पेपर लीक होने की खबर सुनते हैं, तो सबके मन में व्यवस्था को लेकर काफी सवाल उठते हैं। इससे पूरी व्यवस्था में फैले हुए भारी भ्रष्टाचार का प्रमाण मिलता है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी खबरें कुछ ज्यादा ही आने लगी हैं। सोचने वाली बात है कि इससे देश के युवाओं पर क्या असर पड़ेगा? महीनों तक परीक्षा के लिए मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के मन में इस बात का डर बना रहेगा कि रसूखदार परिवारों के बच्चे पैसे के बल पर उनकी मेहनत पर पानी फेर देंगे? मध्य प्रदेश में हुए व्यापम घोटाले के बाद अब एक बार फिर मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए 'नीट परीक्षा' में हुए घोटाले पर जो बवाल मचा है, उससे तो यही लगता है कि चंद भ्रष्ट लोगों ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। साल 2016 में पहली बार मेडिकल एंट्रेंस के लिए 'नेशनल एंट्रेंस कम एलिजिबिलिटी टेस्ट' यानी नीट की शुरुआत हुई। पहले तीन वर्षों में इसे सीबीएसई द्वारा संचालित किया गया परंतु साल 2019 से इन इम्तिहानों की जिम्मेदारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को दी गई। जब से नीट की परीक्षा लागू हुई है, ऐसा पहली बार हुआ है कि इस परीक्षा की कटऑफ इतनी हाई गई है। यदि एनटीए की मानें तो 'नीट कटऑफ कैंडिडेट्स की ओवरऑल परफॉर्मेंस पर निर्भर करती है। कटऑफ बढ़ने का मतलब है कि परीक्षा कंपटीटिव थी और बच्चों ने बेहतर परफॉर्म किया'। परंतु क्या यह बात सही है? गौरतलब है कि इस बार की नीट परीक्षा में 67 ऐसे युवा हैं, जिन्हें 720 अंकों में से 720 अंक मिले हैं। ऐसे कई युवा भी हैं, जिन्हें 718 और 719 अंक प्राप्त हुए हैं, जो परीक्षा पद्धति के मुताबिक असंभव है। 720 के टोटल मार्क्?स वाली नीट परीक्षा में हर सवाल 4 अंक का होता है। गलत उत्तर के लिए 1 अंक कटता है। अगर किसी स्टूडेंट ने सभी सवाल सही किए तो उसे 720 में से 720 मिलेंगे। अगर एक सवाल का उत्तर नहीं दिया, तो 716 अंक मिलेंगे। अगर एक सवाल गलत हो गया, तो उसे 715 अंक मिलने चाहिए। लेकिन 718 या 719 किसी भी सूरत में नहीं मिल सकते। जाहिर है कि तगड़ा घोटाला हुआ है। जिन विद्यार्थियों ने इस वर्ष नीट परीक्षा दी उनसे जब यह पूछा गया कि इस बार की परीक्षा कैसी थी? तो उनका जवाब था कि इस बार की परीक्षा काफी कठिन थी, कटऑफ काफी नीचे रहेगी। एनटीए द्वारा एक और स्पष्टीकरण भी दिया गया है जिसके मुताबिक इस बार टॉप करने वाले कई बच्चों को ग्रेस मार्क्?स भी दिए गए हैं। इसका कारण है कि फिजिक्स के एक प्रश्न के दो सही उत्तर हैं। ऐसा इसलिए है कि फिजिक्स की एक पुरानी किताब, जिसे 2018 में हटा दिया गया था, अभी भी पढ़ी जा रही थी। परंतु यहां सवाल उठता है कि आजकल के युग में जहां सभी युवा एक दूसरे के साथ सोशल मीडिया के किसी न किसी माध्यम से जुड़े रहते हैं, या फिर जहां कोचिंग लेते हैं, वहां पर सबसे संपर्क में रहते हैं। फिर ये कैसे संभव है कि छह साल पुरानी किताब को सही नहीं कराया गया होगा? अगला सवाल यह भी उठता है कि एनटीए द्वारा किस आधार पर ग्रेस मार्क्?स दिए गए? जबकि मेडिकल परीक्षाओं में ग्रेस मार्क्?स देने का कोई प्रावधान नहीं है। एनटीए ने ग्रेस मार्क्?स देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के 2018 के एक आदेश का संज्ञान लिया है, जिसके अनुसार यदि प्रशासनिक लापरवाही के कारण परीक्षार्थी का समय खराब हो तो किन विद्यार्थियों को किन परिस्थितियों में कितने ग्रेस मार्क्?स दिय् जा सकते हैं। परंतु गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का यहां उल्लेख किया जा रहा है वह कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी) के लिए था, उसी आदेश में यह साफ-साफ लिखा है कि यह आदेश मेडिकल और इंजीनियरिंग की परीक्षाओं पर लागू नहीं होगा परंतु एनटीए ने न जाने किस आधार पर इस आदेश को संज्ञान में लिया और ग्रेस मार्क्?स दे दिए? नीट परीक्षा का यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है, और अदालत ने नीट परीक्षा करवाने वाली एजेंसी एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। देखना होगा कि ये दोनों कोर्ट में क्या जवाब दाखिल करते हैं? परंतु जिस तरह इस मामले ने तूल पकड़ा है, इस पर राजनीति भी होने लग गई है, इतना ही नहीं जिस तरह एनटीए ने परीक्षा से पहले ही इसके पंजीकरण में ढील बरती है, वह सब भी सवालों के घेरे में है। टॉपर्स की लिस्ट में कम से कम 6 विद्यार्थी ऐसे हैं, जो एक ही सेंटर के हैं। इस सेंटर को इसलिए भी शक की नजर से देखा जा रहा है कि यहां विद्यार्थी देश के दूसरे कोने से परीक्षा देने आए। बिहार, गुजरात और अन्य राज्यों में नीट परीक्षा के पेपर लीक के मामले भी सामने आए हैं जिन पर जांच चल रही है।

अब नौकरियों की बड़ी चुनौती.....

डा. जयंतीलाल भंडारी

चूंकि कई विकसित और विकासशील देशों में तेजी से बूढ़ी होती आबादी के कारण उद्योग-कारोबार व सर्विस सेक्टर के विभिन्न कामों के लिए युवा हाथों की कमी हो गई तथा श्रम लागत बढने से ये देश कार्यबल संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं, ऐसे में भारत को इस मौके को भुनाते हुए तेजी से आगे बढना होगा। सरकार ने 2023 तक भारतीय श्रमिक उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न देशों के साथ 13 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। ऐसे समझौतों को और बढ़ाने की रणनीति बनानी होगी यकीनन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई एनडीए गठबंधन सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती नौकरियों और रोजगार अवसरों में वृद्धि करने की है। हाल ही में दुनिया में आर्थिक और रोजगार से संबंधित शोध अध्ययनों के लिए प्रसिद्ध फ्रांस के कॉरपोरेट एंड इन्वेस्टमेंट बैंक नेटिक्सिस एसए के द्वारा प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जिस तेजी से युवा रोजगार के लिए तैयार होकर श्रम शक्ति (वर्क फोर्स) में शामिल हो रहे हैं, उसको देखते हुए भारत को 2030 तक प्रति वर्ष 1.65 करोड़ नई नौकरियों की जरूरत होगी। इसमें से करीब 1.04 करोड़ नौकरियां संगठित सेक्टर में पैदा करनी होंगी, जबकि पिछले दशक में सालाना कुल 1.24 करोड़ नौकरियां ही पैदा हो सकी थीं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत को अपनी अर्थव्यवस्था में तेजी को बरकरार रखने के लिए सर्विसेज से लेकर मैन्युफैक्चरिंग तक सभी सेक्टर्स को नई रफ्तार से बढ़ावा देना होगा। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार वर्ष 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में से 83 फीसदी बेरोजगार युवा थे। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक भारत की कुल श्रम शक्ति की भागीदारी दर मात्र 58 प्रतिशत है, जो भारत के एशियाई समकक्ष देशों की तुलना में बहुत कम है। निःसंदेह नई गठबंधन सरकार को बेरोजगारी संबंधी चिंताजनक नए आंकड़ों को ध्यान में रखना होगा। हाल ही पिछले दस वर्षों में संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे भर्ती और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने जो भर्तियां की हैं, वे रिक्त पदों की तुलना में कम बहुत हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन (एनएसओ) के द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आंकड़ों के अनुसार

भारत के शहरी इलाकों में बेरोजगारी की दर वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च 2024) में बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो गई है, जो इसके पहले की तिमाही में 6.5 प्रतिशत थी। शहरी बेरोजगारी पिछली चार तिमाही के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। 15 साल से अधिक उम्र में बेरोजगारी की दर जनवरी-मार्च 2023 की तिमाही के 6.8 प्रतिशत के बाद सर्वाधिक है। सर्वेक्षण के अनुसार युवा बेरोजगारी स्तर बढ़ा है और यह बीती तिमाही के 16.5 प्रतिशत से बढ़कर चौथी तिमाही में 17 प्रतिशत हो गया। यह आंकड़ा इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इस आयु वर्ग के लोग पहली बार श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। इससे शहरी रोजगार के बाजार में गिरावट का पता चलता है। अब नई सरकार के द्वारा देश में असंगठित सेक्टर लघु एवं मध्यम उद्योगों और गिग वर्कर्स की चिंताओं पर भी ध्यान दिया जाना होगा। इन सेक्टरों में करोड़ों लोगों को रोजगार तो मिल रहा है, लेकिन भविष्य एकदम सुरक्षित नहीं है। जून 2022 में प्रस्तुत नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत के 77 लाख लोग इस समय गिग इकॉनमी का हिस्सा हैं। अनुमान है कि 2029-30 तक इनकी संख्या 2.35 करोड़ हो जाएगी। गिग वर्कर्स के लिए बड़ी समस्या नौकरी जाने का खतरा और प्रोविडेंट फंड, हेल्थ इंश्योरेंस और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलना है। देश में रोजगार के मद्देनजर महिलाओं की स्थिति भी अच्छी नहीं है। नैसकॉम के मुताबिक भारत के प्रौद्योगिकी कार्यबल में केवल 36 फीसदी महिलाएं हैं। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक भारत में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों में महिलाओं की भागीदारी केवल 14 फीसदी है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्र में महिलाओं का रोजगार कम है और भारत के बड़े अवसरों के लिए महिलाओं की कम भागीदारी चुनौतीपूर्ण है। निश्चित रूप से नई गठबंधन सरकार को देश की नई पीढ़ी को जॉब सीकर यानी नौकरी की चाह रखने वाले से ज्यादा नए दौर के जॉब गिवर यानी नौकरी देने वाले बनाने की तेज रणनीति के साथ भी आगे बढना होगा। पिछले 10 वर्षों में जिस तरह नई पीढ़ी के द्वारा स्वरोजगार के मौके मुट्ठी में लिए जा रहे हैं, उनकी रफ्तार बढ़ाई जानी होगी। हाल ही में शोध संस्थान स्कॉच की एक रिपोर्ट में कहा गया कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में 51.40 करोड़ रोजगार मिले हैं। इस शोध में 2014-24 की अवधि में ऋण-आधारित हस्तक्षेपों और सरकार-आधारित हस्तक्षेपों का अध्ययन किया है। जहां ऋण आधारित हस्तक्षेपों ने प्रति वर्ष औसतन 3.16 करोड़ रोजगार जोड़े हैं, वहीं सरकार आधारित हस्तक्षेपों से प्रति वर्ष 1.98 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं। सामान्यतः एक लोन पर औसतन 6.6 प्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए हैं। इस अध्ययन से यह भी पता चलता है कि सूक्ष्म कर्ज का इस्तेमाल स्थिर और टिकाऊ रोजगार सृजन के लिए किया जा रहा है। इस शोध अध्ययन में रोजगार व स्वरोजगार से संबंधित 12 केंद्रीय योजनाओं को शामिल किया गया है। इनमें मनरेगा, पीएमजीएसवाई, पीएमईजीपी, पीएम-जी, पीएलआई, पीएमएवाई-यूए और पीएम स्वनिधि जैसी प्रमुख योजनाएं शामिल हैं। इस शोध अध्ययन के मुताबिक पिछले दस वर्षों में ऋण अंतराल यानी जीडीपी के अनुपात में कर्ज के अंतर में 12.1 प्रतिशत की गिरावट आई है तथा इस अध्ययन से ऋण अंतराल में कटौती, बहुआयामी गरीबी में कमी और एनएसडीपी में वृद्धि के बीच एक सकारात्मक संबंध भी प्रतिपादित हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत 10 वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी नई स्किल्स से नई पीढ़ी को सुसज्जित करके उनके लिए रोजगार के मौके बढ़ाए हैं। अब तीसरे कार्यकाल में देश में वैश्विक क्षमता केंद्रों की (जीसीसी) स्थापनाओं की रफ्तार तेजी से बढ़ाकर नए तकनीकी कौशल वाले युवाओं के लिए रोजगार के अधिक मौके सृजित करने की डगर पर आगे बढ़ा जाना होगा। चूंकि कई विकसित और विकासशील देशों में तेजी से बूढ़ी होती आबादी के कारण उद्योग-कारोबार व सर्विस सेक्टर के विभिन्न कामों के लिए युवा हाथों की कमी हो गई तथा श्रम लागत बढने से ये देश कार्यबल संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं, ऐसे में भारत को इस मौके को भुनाते हुए तेजी से आगे बढना होगा। सरकार ने 2023 तक भारतीय श्रमिक उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न देशों के साथ 13 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। नई गठबंधन सरकार को ऐसे समझौतों को अब और बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढना होगा। इससे देश की युवा श्रमशक्ति विदेशों में अधिक रोजगार के साथ अधिक विदेशी मुद्रा की कमाई भी कर सकेगी। हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सरकार के द्वारा उनके विकास के एजेंडे में शामिल अधिक रोजगार के मुद्दे को प्राथमिकता के साथ ध्यान में रखा जाएगा। हम उम्मीद करें कि नई सरकार नई सरकारी नौकरियों के सृजन पर पूर्णरूपेण ध्यान देते हुए लघु-मध्यम उद्योग और असंगठित क्षेत्र में रोजगार की जरूरतों पर ध्यान देगी। हम उम्मीद करें कि मोदी सरकार के श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और कौशल विकास व उद्यमिता राज्यमंत्री जयंत चौधरी 142 करोड़ से अधिक आबादी के साथ दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाले भारत में दुनिया की सर्वाधिक युवा आबादी को नए उच्च गुणवत्ता वाले कौशल से सुसज्जित करके उनके चेहरों पर रोजगार की मुस्कुराहट देने के साथ आर्थिक तस्वीर संवारने की संभावनाओं को साकार करने के लिए नई कारगर रणनीतियों के साथ आगे बढ़ेंगे।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का अमृत सरोवर में होगा आयोजन, योग की दी जाएगी जानकारी

रायपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर 21 जून को 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमृत सरोवर स्थलों पर योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में ग्रामीणों, छात्रों व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन के दौरान योग के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि अमृत सरोवर का शांत एवं स्वच्छ वातावरण योग के लिए आदर्श परिस्थिति उपलब्ध कराता है। अमृत सरोवर के किनारे वृक्षारोपण कर उसकी देख-भाल के संकल्प के लिए प्रेरित किया गया ताकि स्वच्छ वातावरण में योग कर स्वास्थ लाभ प्राप्त किया जा सके।

केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू का जगह जगह हुआ अभिनंदन, वरिष्ठ पत्रकार लीलाराम से हुई चर्चा

राजिम (विश्व परिवार)। मंगलवार को आवास एवं शहरी विकास केंद्रीय राज्य मंत्री (भारत सरकार) तोखन साहू के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद प्रथम नवापारा-राजिम आगमन हुआ। इस दौरान मंत्री श्री साहू की जगह जगह अभिनंदन हुआ। श्री साहू सर्वप्रथम यहां पहुंचते ही भगवान श्री राजिम लोचन एवं राजिम भक्तिन माता मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर देश एवं प्रदेश के किसानों एवं सभी लोगों की सुख समृद्धि की कामना की वही राजिम रेस्ट हाउस में श्री साहू से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक जनों ने भेंट मुलाकात की, इस दौरान साहू समाज के परदेशीराम साहू, प्रदेश पदाधिकारी कुलदीप साहू, उत्पल साहू, वरिष्ठ पत्रकार डॉ.लीलाराम साहू, चंद्रीका साहू, सहित अन्य जन प्रतिनिधियों ने मंत्री श्री साहू का बुके भेंट कर स्वागत किया। मंत्री श्री साहू ने पत्रकार लीलाराम साहू का अभिनंदन स्वीकार करते हुए उनका भी सम्मान किया। वही सामाजिक गतिविधि एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में काफी देर तक चर्चा भी हुई।

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के गुफा 30 अक्टूबर तक पर्यटकों के लिए बंद

जगदलपुर (विश्व परिवार)। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों की सुरक्षा हेतु 16 जून से 30 अक्टूबर 2024 तक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अन्तर्गत आने वाले गुफा स्थल कोटमसर गुफा, कैलाश गुफा एवं अन्य सभी गुफा स्थल को आगामी आदेश तक पर्यटन प्रयोजन हेतु निषेध किया गया है।

नीट परीक्षा की गड़बड़ी के खिलाफ राजीव गांधी चौक में आज कांग्रेस का धरना

रायपुर (आरएनएस)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी निर्देशानुसार NEET परीक्षा में इस बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं और एनडीए सरकार की सख्त निष्क्रियता और चुप्पी के खिलाफ व छात्रों के लिए न्याय की मांग करते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा शुक्रवार, 21 जून 2024 को प्रात: 11 बजे, राजीव गांधी चौक, रायपुर में राज्यस्तरीय विशाल विरोध-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 4 जून 2024 को एनईईटी-यूजी 2024 के परिणाम जारी किए थे, कुछ उम्मीदवारों के बढ़े हुए अंकों के बाद अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों के कारण परिणाम खराब हो गए हैं। बढ़े हुए अंकों और अनियमितताओं पर महत्वपूर्ण चिंताएं है, और कार्यप्रणाली का खुलासा किए बिना अनुग्रह अंक प्रदान करना संदेह पैदा करता है। बिहार, गुजरात और हरियाणा में की गई गिरफ्तारियों से संगठित भ्रष्टाचार स्पष्ट है, जिससे भाजपा शासित राज्यों में कदाचार के पैटर्न का पता चलता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी इन आरोपों की गंभीरता को उजागर करते हुए लापरवाही के प्रति जीरो टॉलरेंस की मांग की है।

विश्व शांति महायज्ञ में 11 लाख मंत्रों के साथ हुई आहुतियां समर्पित, 8 अर्घो के साथ की जिनवाणी माता की महापूजा

शाश्वत सागर जी महाराज ने कहा- मुनि श्री सुधासागर जी महाराज एक बार आ गये तो किस्मत बदल जायेगी

अशोक नगर (विश्व परिवार)। श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में श्री विद्यासागर महिला मंडल के संयोजक में मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद एवं मुनि श्री सश्वत सागरजी महाराज के सान्निध्य में चल रहे आठ दिन से चल रहे श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ आज ग्यारह लाख मंत्रों की आहुतियां प्रतिष्ठा चार्य मुकेश भ इया के मंत्रोच्चार के वीच सुभाष गंज जैन मन्दिर में भक्तों की जय जय कार के वीच दी गई।

इसके पहले आज प्रतिष्ठा चार्य मुकेश भइया के मंत्रोच्चार के वीच जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई इसके बाद मंडल पर ध्वज समर्पित किये गये इसके साथ ही विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ हवन कुंड की शुद्धि के साथ हुआ जहां प्रमुख पात्रो दारा आहुतियां समर्पित की गई महायज्ञ में सौधर्म इन्द्र के रूप में पद्म कुमार पिम्मी वाझल महायज्ञ नायक प्रसन्न कुमार विनोद कुमार मोदी कुवेर इन्द्र अरूण कुमार मैनपुर तीर्थंकर कुडं पर बैठ कर वहीं ध्वजारोहणकर्ता धर्मेन्द्र रोकड़िया श्रीपाल मैना सुन्दरी श्री मति लता सतीश राजपुर ने अरिहंत कुंड पर वही अन्य प्रमुख पात्रो मे इंसान सुनील अखाई राकेश सुनील कुमार घेलू अर्चित कासंल सभी पत्रों ने महायज्ञ में बैठकर आहुतियां समर्पित की इसके साथ ही एक सौ ग्यारह कुंडो पर सभी इन्द्र इन्द्राणी दारा सुरेन्द्र मंत्रों शान्ति मंत्र व अन्य विशेष मंत्रो के साथ आहुतियां समर्पित की गई।

मुनि श्री को कमेटी ने किया श्री फल भेंट : इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि हमें परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री शास्वत सागर जी महाराज का सान्निध्य मिल रहा है पूज्य श्री का विहार राजस्थान की ओर चल रहा है हम सब निवेदन करते हैं कि कुछ दिन हमें प्रदान करें इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल मंत्री विजय धुर्रा मंत्री शैलेन्द्र श्रागर कोषाध्यक्ष सुनील अखाई थूवोनजी कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी प्रमोद मंगल दीप मुन्ना वाझल रोहित सिंघई निर्मल मिर्ची सौधर्म इन्द्र पदम कुमार वाझल पिम्मी धर्मेन्द्र रोकड़िया श्रीपाल मैना सुन्दरी सतीश राजपुर अरुण जैन आदि ने मुनि श्री को श्री फल भेंट कर रही चातुर्मास का निवेदन किया इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय जैन धुर्रा ने कहा कि प्रतिदिन मुनि श्री के मंगल प्रवचन प्रात: आठ बजे व विशेष कक्षा दोपहर तीन बजे से होगी।

मुनि राज के साथ रहते हैं तो हमारा मन भी मुनि राज की तरह हो जाता है : इस दौरान धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री सश्वत सागरजी महाराज ने कहा कि मुनि राज के साथ हम रहते हैं तो हमारा मन मुनिराज के अनुसार चलने लगता है और जैसे ही संसार में आते हैं तो मन भी संसारी हो जाता है हम जो जीवन जी रहे है वह शरीर के सुख के लिए जी रहे हैं हम सश्वत सुख की चाह कहा रखी है यदि चाह है तो आप चातुर्मास के लिए अच्छा पुरुषार्थ कर लो यदि आप अच्छी तरह से मेहनत करेंगे तो मुनिपुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज का वर्षावास आपको ही मिलेगा।

जगत में कोई अकेला नहीं रहना चाहता : मुनि श्री ने कहा जगत में कोई अकेला नहीं रहना चाहता अकेला रह जायें तो घबराहट होने लगती है जबकि कहा गया आप अकेला अव तरे मरे अकेला होये इस जगत में ये जीव अकेला ही आया है और अकेला ही जायेगा लेकिन इस वीच के आकर्षण में ऐसा उलझ जाता है कि वह अपने को अकेला में घुटन महसूस करने लगता है इसका कारण हमने अपनी शक्ति को पहचान नहीं है शक्ति से सब कुछ होता है शक्ति के विना सब कुछ नष्ट हो जाता है आज ऐसा युग आ गया कि आप अपनी संतान को भी शक्ति मान नहीं वनने दे रहे आप सिखाना चाहते हैं या पढ़ाना चाहते हैं जो सीख लेता है वह जिंदगी भर नहीं भूलेगा लेकिन हम उसे पढ़ाने में लगे हैं जो वह कुछ ही समय में भूल जाता है वैज्ञानिक ने तो वता दिया कि जव हम विदेशी भाषा में कुछ पढ़ते हैं तो उसमें पांच गुना शक्ति ज्यादा लगती मालिक वनने के लिए शक्ति की आवश्यकता नहीं हम अपने आप में मालिक तो है ही सारी शक्ति दूसरे के नौकर वनने के लिए खर्च की जा रही है आप अपने वच्चो को बहुत पढ़ा लिखा कर दूसरे की नौकरी करने के लिए ही तो भेज कर खुश होते हैं। -**विजय धुर्रा**

महाराष्ट्र मंडल की आजीवन सभासद और योग प्रशिक्षित आस्था काले

योग दिवस पर महाराष्ट्र मंडल के दो केंद्रों में होंगे भव्य आयोजन

योग प्रशिक्षिका आस्था काले ने बताया सूर्य और चंद्र नमस्कार होंगे आकर्षण के केंद्र

रायपुर (विश्व परिवार)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार, 21 जून को चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन और प्रियदर्शनी नगर स्थित संत ज्ञानेश्वर स्कूल में वृहद स्तर पर कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल की सभी समितियों के साथ 15 केंद्रों की टीमें भी शामिल होंगी।

योग और आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि गत 10 वर्षों से चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में योग दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी शुक्रवार को महाराष्ट्र मंडल में सुबह सात बजे वृहद स्तर पर योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसमें अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षक शशि वरवंडकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। योग में शामिल होने के लिए टीशर्ट- लोअर ड्रेस कोड रखा गया है। 8.30 बजे योग का समापन होगा।

आस्था ने बताया कि गुरुमंत्र और ओम के उच्चारण के साथ योग प्रारंभ किया जाएगा। इसके बाद वार्मअप होगा। फिर आसन, प्राणायाम और ध्यान कराया जाएगा। प्राणायाम में अनुलोम- विलोम, भामरी, कपाल भारती कराया जाएगा। वहीं खड़े होकर पाद हस्तासन, कर्ण धनुरासन, ताड़सन, कटिचक्रासन, वृक्षासन कराया जाएगा। इसके बाद बैठकर कराए जाने वाले आसनों में तितली आसन, उत्तान पादआसन, व्याघ्रासन, शंशाकासन सहित कई अन्य आसन कराए जाएंगे।

आस्था काले के मुताबिक महाराष्ट्र मंडल की योग समिति की ओर से गत कई महीनों से प्रतिदिन योग क्लासेस लगाई जा रही है। ऑनलाइन मोड पर सुबह 6:15 से 7:15 तक चलने वाली योग क्लास में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग जुटते रहे हैं और इसमें प्रतिदिन प्राणायाम, आसन, ध्यान का नियमित अभ्यास कर रहे हैं। एसडीवी के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि शिक्षिका अपर्णा आठले के निर्देशन में योग कराया जाएगा। इस दौरान स्कूल की योग समिति के बच्चे इसमें शामिल होंगे। इनके साथ सिविल लाइन, अमलीडीह और वल्लभनगर केंद्र की महिलाएं भी योग करने के लिए स्कूल पहुंचेगी। इसके साथ स्कूल का पूरा स्टाफ योग में शामिल होगा।

गणिनी आर्यिका विज्ञमती माताजी ने कहा- धर्म बिना सुख और समृद्धि नहीं रहती

आगरा (विश्व परिवार)। सकल जैन समाज ग्रेटर कमलानगर के द्वारा आज गणिनी आर्यिका 105 विशुद्धमति माताजी ससंघ को नसिया जी से मंगल विहार करा भव्य आगवानी की।

कमलानगर के सन्त निलय के हौल में आयोजित भव्य प्रवचन सभा मे बोलते हुए प्रज्ञा पद्मिनी पट्ट गणिनी आर्यिका 105 विज्ञमती माताजी ने कहा कि धर्म का सच्चा स्वरूप सम्यक्तव के बिना नहीं, और धर्म बिना न सुख हे न समृद्धता है। उन्होने 25 दोषों से रहित सम्यक दर्शन की व्याख्या करते हुए कहा कि आंकाक्षारहित सच्ची आस्था, गुणी जनो की प्रशंसा, व सेवा धर्म है, उन्होंने जीवन मे सरलता, समीचीनता, सहृदता रखने की सलाह दी।

ग्रेटर कमलानगर की ओर से माताजी संघ का श्रीफल अर्पण कर श्री प्रदीप जैन PNC, जगदीश प्रसाद जैन, पवन जैन चाँदी, राजकुमार जैन गुड्डु, सुरेश पांडया, ए वी जैन ने आशीर्वाद प्राप्त कीया ! पाद प्रक्षालन का सौभाग्य श्री राकेश जैन परदा, अनिल रईस एवं नरेश लुहाड़िया, सुविणा जैन, विमला जैन आदि को मिला! आर्यिका एलसंघ को जिनवाणी भेट करने का पुण्य लाभ श्री अरुण जैन लश्करपुर, श्री पी के जैन RCM, श्री दीपचन्द जैन सपरिवार को प्राप्त हुआ! धर्म सभा के शुभारंभ में मंगलाचरण व भजन श्रीमती शशी जैन पाटनी ने प्रस्तुत किया।व संचालन मनोज कुमार जैन बांकलीवाल ने किया! सांय बेला में श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर डी ब्लाक कमलानगर मन्दिर जी में भक्तामर दीपमालिका का आयोजन माताजी संघ के सानिध्य मे आयोजित किया गया।

-अभिषेक जैन लुहाड़िया

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में धान खरीदी की आरंभिक तैयारियों के लिए मंत्री मंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर (विश्व परिवार)। आगामी विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन की प्रारंभिक तैयारी के संबंध में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में मंत्री मंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन की आरंभिक तैयारी की समीक्षा की गई। मंत्री मंडलीय उप समिति की बैठक में धान उपार्जन हेतु बारदाने की व्यवस्था और किसान पंजीयन खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में खाद्य विभाग एवं मुख्यमंत्री के सचिव श्री बसवराजू एस., कृषि विभाग की सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार, सचिव राजस्व श्री अविनाश चंपावत, सचिव सहकारिता श्री सी.आर.प्रसन्ना, विशेष सचिव खाद्य श्री के.डी.कुंजाम, प्रबंध संचालक मार्कफेड श्री रमेश शर्मा, खाद्य विभाग के संचालक श्री जितेन्द्र शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिले ऐसे कार्य को दें प्राथमिकता : कमिश्नर

एनएमडीसी और विकास शाखा प्रभारियों से सीएसआर मद के कार्यों की समीक्षा बैठक

जगदलपुर (विश्व परिवार)। कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने कहा कि एनएमडीसी अपने प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को लाभ देने वाले कार्यों को प्राथमिकता दें, साथ ही प्रशासन के द्वारा जरूरतमंदों के लिए सीएसआर मद से विशेष प्रावधान कर रखें। ताकि जरूरतमंदों को तत्काल राशि की स्वीकृति दी जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही भविष्य को बेहतर बनाया जा सकता है इसीलिए जिलों में नवाचार के साथ-साथ अंदरूनी तथा प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता का भी प्रावधान रखा जाना चाहिए। कमिश्नर श्री धावड़े ने गुरुवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में एनएमडीसी और जिलों के विकास शाखा प्रभारियों से सीएसआर मद के कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2012-13 से 2023-2024 तक स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा किया गया। संभाग के जिलों से विकास कार्यों हेतु एनएमडीसी कार्यालय से लंबित राशि के भुगतान करवाने हेतु कार्यों का ज्वाईट इंस्पेक्शन कर पूर्णता प्रमाण पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करवाकर लंबित राशि को जारी करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिलों से वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी देने के निर्देश दिए।

किसान, युवा, गरीब और नारी का विकास हमेशा से प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता में रहा है : चंद्रशेखर साहू

नवापारा राजिम (विश्व परिवार)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए धान सहित 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इसमें धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ाकर 2300 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। मोदी सरकार के इस निर्णय पर खुशी जताते हुए पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि किसान, युवा, गरीब और नारी का विकास हमेशा से प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता में रहा है। अपने तीसरी पारी की शुरुआत भी प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की फाइल पर हस्ताक्षर कर की है, जिसके तहत मंगलवार को देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों को 20, 000 करोड रुपए की राशि अंतरित की गई है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेसनीत यूपीए गठबंधन के 2004 से 2014 तक 10 वर्षों के कार्यकाल और प्रधानमंत्री मोदी के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल की अगर तुलना की जाए तो मोदी सरकार के कार्यकाल में यूपीए सरकार के कार्यकाल की तुलना में धान सहित विभिन्न किस्म की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भारी मात्रा में इजाफा हुआ है, जो दर्शाता है कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में किसानों की बेहतरी के लिए लगातार कार्य किए गए हैं। किसान भारत देश के अर्थव्यवस्था की धुरी हैं, जिनका देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। किसान जितना विकसित होगा, देश भी विकसित बनने की दिशा में उसी गति से दौड़ेगा। यह बात प्रधानमंत्री मोदी बेहतर तरीके से जानते हैं और इसीलिए किसानों के हित को ध्यान में रखकर मोदी जी, अपने अब तक के कार्यकाल में विभिन्न क्रांतिकारी निर्णय लेकर योजनाएं लागू करते आए हैं। वर्तमान में धान सहित 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में जो इजाफा किया गया है।

चेम्बर भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 'योग एवं ध्यान' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

चेम्बर पदाधिकारी और संघों के प्रतिनिधियों ने लिया बढ़-चढ़ कर हिस्सा

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 20 जून 2024 को चेम्बर कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व ''योग एवं ध्यान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे योग, पोषण एवं फिटनेस विशेषज्ञ आभा सूद ने योग से जुड़ी साधनाओं, आसनों तथा योग की बारीकियों को विस्तार से बताया।

महिला चेम्बर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा जी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक दिन पहले ''योग एवं ध्यान'' कार्यक्रम का आयोजन आज सुबह 7 से 9 बजे तक चेंबर भवन में महिला चेंबर अध्यक्ष मधु अरोरा एवं चेंबर सांस्कृतिक प्रभारी आलोक शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ।

व्यापारियों में योग एवं स्वास्थ्य के प्रति नई ऊर्जा के संचार हेतु इस ''योग एवं ध्यान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चेम्बर पदाधिकारी और संघों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

श्रीमती अरोरा जी ने आगे बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पूर्ण रूप से सफल बनाने समस्त व्यापारी एवं आमजन यह शपथ लें कि अपने जीवन में योग को अपनाकर एक स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन का लाभ उठाएं।

कार्यक्रम में योग, पोषण एवं फिटनेस विशेषज्ञ आभा सूद ने क्रमबद्ध तरीके से कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारी एवं आमजनों को विभिन्न योग मुद्राएं विस्तार से बताई जैसे-सूर्य नमस्कार, पवनमुक्तासन करके कैसे शरीर को लचीला और गर्म रख सकें। सेतुबंध आसन एवं वृक्षासन से शरीर को संतुलित करना सिखाया। तत्पश्चात श्वांस से संबंधित प्राणायाम जैसे अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका की जानकारी दी। चेंबर सांस्कृतिक प्रभारी श्री आलोक शर्मा ने आगे बताया कि कार्यक्रम में चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी ने योग गुरु आभा सूद जी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने दिए गए योगदान एवं नई तकनीक को सीखने के लिए चेंबर टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात शांति पाठ के साथ ही ''योग एवं ध्यान'' कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, मंत्री-शंकर बजाज, लोकेश साहू, चेम्बर सांस्कृति प्रभारी आलोक शर्मा, युवा चेम्बर महामंत्री कांति पटेल, अविनाश खेतपाल, निखिल झवेरी, महिला चेम्बर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा, महामंत्री श्रीमती पिंकी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा भट्ट, हेमल शाह, सदस्य-रमेश ठक्कर, श्रीमती ईला ठक्कर, लेखराज अठवानी, विकास तिवारी, चेम्बर कर्मचारी रूचि सोनी, रिया सोनी, छत्तीसगढ़ चाय व्यापारी संघ से दिलीप केवलानी, रायपुर बारदाना व्यापारी संघ के सचिव मनीष भानुशाली सहित अनेक व्यापारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

राजिम में सद्गुरु कबीर प्राकट्य उत्सव का आयोजन

राजिम (विश्व परिवार)। सद्गुरु कबीर धनी धर्मदास सेवा आश्रम राजिम में 21 जून शुक्रवार से 22 जून शनिवार तक सदुरु कबीर प्राकट्य उत्सव का आयोजन किया गया है।

समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू, सचिव प्रहलाद गंधर्व, कोषाध्यक्ष तुलाराम साहू ने बताया कि शुक्रवार को कलश शोभायात्रा सांय 4:00 बजे पूर्व सांसद महासमुंद लोकसभा चंदूलाल साहू के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता कालूराम ध्रुव पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, एवं विशिष्ट अतिथि महंत दाऊदास वैष्णव (ग्राम गोजी) महंत रिखी दास साहू उपरवारा, महंत ननकू दास वैष्णव गोजी, महंत कुमार दास साहू घोट, महंत खगेश दास वैष्णव पारागांव, महंत भगवान दास मानिकपुरी नवागांव के पावन सानिध्य में कार्यक्रम की शुरुआत होगी।वही 22 जून शनिवार को दोपहर 12 बजे आश्रम परिसर में अतिरिक्त भवन का भूमि पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष निधि जिसके मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रेखा जितेंद्र सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रेखा कुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य, महेश यादव पार्षद नगर पंचायत राजिम के पावन सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न होगी।मेघनाथ साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सदुरु कबीर साहब का 625 वां प्राकट्य उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है, श्री साहू ने समस्त धर्म प्रेमी एवं कबीर पंथ के भक्तगणों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ ले।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर शुक्रवार 21 जून 2024

संक्षिप्त समाचार

भीम आर्मी क्रांतिवीर का फ्रार संस्थापक किशोर नवरंगे गिरफ्तार

बलौदाबाजार(विश्व परिवार)। स्पेशल पुलिस टीम ने आज बुधवार को फ्रार भीम आर्मी क्रांतिवीर के संस्थापक किशोर नवरंगे को गिरफ्तार कर लिया गया है , नवरंगे ने ही 10 जून को धरना और रैली का आयोजन किया था और किशोर नवरंगे के ही आह्वान पर ही प्रदेश भर से समाज के लोग बलौदाबाजार पहुंचे थे. जिले में हिंसा भड़काने को लेकर पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी, जिसे आज गिरफ्तार कर लिया गया है. फ्लिहाल पुलिस किशोर नवरंगे को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है. घटना के संबंध में पुलिस को प्रारंभ से ही आरोपी की तलाश थी और अब पूछताछ के दौरान महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है

पीएम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त हुआ जारी

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 17 वीं किस्त प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी किया गया। पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त अन्तर्गत 20 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि से लगभग 9.26 करोड़ किसान परिवारों को लाभ मिला। इसके साथ ही किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया गया। पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना के तहत् किसानों के खाते में सालाना 6 हजार रूपये दिये जाते हैं। किसानों के खाते में से राशि हर 4 महीने के अंतराल में 3 किस्तों में राशि ट्रांसफ्र की जाती है और हर किस्त में 2000 रूपये दिये जाते हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिये ई.के.वाई.सी., लैण्ड सीडिंग और आधार सीडिंग होना अनिवार्य है। इस योजना का लाभ लेने के लिये किसानों के पास आधार कार्ड, बैंक खाता होना अनिवार्य है। 17 वीं किस्त जारी होने के दिन को पी.एम. किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जिले के लगभग 14371 कृषकों को 2.87 करोड़ रू. राशि जारी किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र दन्तेवाड़ा में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक चौतराम अटामी, जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम, संगीता नेताम, कृषि स्थाई सभापति सुलोचना कर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं कृषि और कृषि विज्ञान केन्द्र के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

आईजी राजनांदगांव ने रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक ली

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। राजनांदगांव रेंज आई.जी. श्री दीपक कुमार झा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में रेल्वे सुरक्षा समिति का समीक्षा बैठक लिया गया। दिए कड़े निर्देश, बोले- सीमा विवाद में मत उलझें; पटरी से तत्काल निकलवायें शव। जीआरपी, आरपीएफ एवं जिला बल आपस में समन्वय स्थापित कर अपराध नियंत्रण, आपदा प्रबंधन हेतु परिस्थित अनुसार संयुक्त टीम के रूम में कार्य करे। अपराध नियंत्रण एवं अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा कर दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश। रेल्वे स्टेशनों में मादक पदार्थों एवं मानव तस्करी रोकथाम हेतु जी.आर.पी., आर.पी.एफ एवं जिला बल के साथ संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही करें। रेलवे स्टेशन के आसपास नशा का सामान परिवहन करने वालों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु दिया गया निर्देश।

निर्धारित समय-सीमा में निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करें - कलेक्टर संजय

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं को निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्त्ताओं को लेखा टीम को सही एवं त्रुटि रहित निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने कहा। उन्होंने बताया कि परिणाम घोषणा होने के 30 दिवस के भीतर निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल किया जाना अनिवार्य है। निर्धारित समय पर व्यय लेखा दाखिल नहीं करने पर अभ्यर्थी को तीन वर्ष के लिए प्रतिबंध करने का प्रावधान है। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव से निर्वाचन में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों से कहा है कि वे 4 जुलाई 2024 तक निर्वाचन व्यय का लेखा निर्धारित प्रदाय पंजी, बैंक स्टेटमेंट, वाउचर एवं शपथ पत्र संबंधित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण लेखा टीम प्रभारी के पास जमा कर सकते हैं।

विश्व सिकलसेल दिवस पर जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर विधायक ने किया रवाना

बीमारियों के प्रति हमें जागरूक होना बहुत ही जरूरी- श्री अटामी

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा में सिकलसेल जागरूकता रथ को जिला चिकित्सालय से हरी झंडी दिखाकर विधायक श्री चैतराम अटामी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने रवाना किया। उल्लेखनीय कि 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस आयोजन को आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विभाग एवं लोक स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग के द्वारा जिला चिकित्सालय में जिला स्तरीय विश्व सिकलसेल दिवस कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक श्री चैतराम अटामी कहा कि सभी बीमारियों के प्रति हमें जागरूक होना जरूरी है। मौसम के बदलने के साथ-साथ कई प्रकार की बीमारियों होती है। इस समय आम जनों को बहुत सजग होना चाहिए। कोई भी बीमारी ऐसा नहीं है जिससे हम लड़ कर के जीत नहीं सकते हैं बस समय-समय पर चिकित्सक की सलाह लेकर जांच करवाने सहित उपचार करवाते रहना चाहिए। आज देश के प्रधानमंत्री के द्वारा पूरे राष्ट्र में सिकलसेल जागरूकता अभियान चलाई जा रही है, जिससे इस बारे में समाज में चेतना विकसित हो सके। इसके साथ उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में चिकित्सकों के सहयोग से सारे लोग हम एकजुट होकर इस महामारी का सामना किये। इसी तरह सिकलसेल जैसे बीमारी का जांच एवं उपचार करवाएं और निरंतर सजगता बरतें। श्री अटामी ने कहा कि चिकित्सक का प्रथम कार्य आमजनों का सेवा करना और इस सेवा कार्य को पूरे प्राथमिकता के साथ करने को भी कहा। इसके अलावा उन्होंने जिला चिकित्सालय में आमजनों एवं ग्रामीणों को गोंडी भाषा में भी संबोधित किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक और आदिवासी विकास विभाग के उपायुक्त श्री के.एस. मसराम के द्वारा विस्तारपूर्वक सिकलसेल के संबंध में जानकारी भी दी गई और सिकलसेल की जांच सभी को कराने का आह्वान किया तथा सिकलसेल कुंडली मिलान कर ही विवाह करने की सलाह भी दी। उल्लेखनीय है कि सिकलसेल एक आनुवंशिक रोग है। छुआछूत से यह बीमारी नहीं फैलती बल्कि माता-पिता से संतान को यह बीमारी होती है ।

संयुक्त सर्वे कार्यक्रम के लिए एनआरएलएम के महिला समूह की दीदीयों का 01 दिवसीय प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा असाक्षरों, शाला त्यागी एवं अप्रवेशी मुक्त दंतेवाड़ा अभियान के तहत होने वाले संयुक्त सर्वे कार्यक्रम के लिए एन0 आर0एल0एम0 के महिला समूह की दीदीयों का 01 दिवसीय प्रशिक्षण 19 जून 2024 को जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड दंतेवाड़ा एवं गीदम के महिला समूह की दीदीयां सम्मिलित हुई। यह संयुक्त सर्वे कार्यक्रम कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन के निर्देशानुसार किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मार्गदर्शन के लिए उपस्थित हुए जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन ने समूह की दीदियों से कहा की राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत असाक्षरों, शिक्षार्थी का सर्वे कर साक्षर बनाया जाना है, एवं शिक्षा विभाग की बड़ी समस्या रही है कि अधिकांश छात्र-छात्राएं शाला त्यागी एवं अप्रवेशी रह जाते है जिसके कारण शत प्रतिशत बच्चों को शिक्षा दे पाने में समस्या होती है, इस हेतु साक्षरता एवं शिक्षा विभाग द्वारा पृथक-पृथक सर्वे कार्य किया जाता है जिससे समय एवं संसाधन दोनो का अपव्यय होता है एवं सही आंकड़े प्राप्त नहीं हो पाते है जिसे देखते हुए जिला प्रशासन की मंशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत असाक्षरों का चिन्हांकन एवं शाला त्यागीध्अप्रवेशी मुक्त दंतेवाड़ा अभियान का संयुक्त सर्वे कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है जिसकी महत्वपूर्ण कड़ी आप लोग है जिनके माध्यम से यह सर्वे कार्यक्रम होना है आपके द्वारा किये जाने वाले सर्वे उपरांत जिला प्रशासन द्वारा असाक्षरों, शाला त्यागी एवं अप्रवेशी के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर कार्य किया जायेगा । जला शिक्षा अधिकारी श्री एस.के.अम्बस्ता ने बताया कि जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा स्थानीय स्तर पर जिले के लोगों के लिए बहुत से लाभकारी कार्यक्रम संचालित कर रहा है, जिसमें से यह सर्वे कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा, जिसके द्वारा असाक्षरों, शाला त्यागी एवं अप्रवेशी मुक्त का चिन्हांकन एक संयुक्त सर्वे के माध्यम से किया जाना है जिसमें आप सभी महिला समूह की दीदीयों का बहुत बड़ी जिम्मेदारी जिला प्रशासन द्वारा दिया जा रहा है, इस जिम्मेदारी को आप सभी बहुत मन लगाकर एवं अच्छे से की जाएगी।

बस्तर सांसद महेश कश्यप का कवासी लखमा पर हमला बोले- जनता ने पूर्व मंत्री को चुनाव में भुला दिया

सुकमा(विश्व परिवार)। बस्तर के सांसद महेश कश्यप ने सुकमा के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता ली। इस दौरान महेश कश्यप ने कोण्टा विधानसभा से लीड मिलने पर सुकमा जिले की जनता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महेश कश्यप ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा पर चुटकी लेते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कवासी लखमा कहते फिरते थे कि महेश कश्यप कौन है उसे तो मैं भी नहीं जानता महेश कश्यप का मुझसे कोई मुकाबला नहीं ,लेकिन वह शायद भूल गए थे की वह महेश कश्यप से नहीं बल्कि भाजपा से मुकाबला कर रहे हैं, भाजपा के कार्यकर्ताओं से मुकाबला कर रहे हैं। महेश कश्यप बोले कवासी लखमा 1 लाख से ज्यादा वोट से हराने का दावा कर रहे थे लेकिन कवासी लखमा का अहंकार उनके ही विधानसभा क्षेत्र में चुर हो गया जब कोंटा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने कोण्टा में ही कवासी लखमा को हरा दिया। महेश कश्यप ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा प्यार मुझे सुकमा जिले से मिला जहां मेरे प्रतिद्वंद्वी रहे कवासी लखमा भी रहते हैं और कोण्टा विधानसभा के विधायक लोकसभा चुनाव में कोण्टा से ही बुरी तरह हार गए। इसके अलावा महेश कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है और बस्तर की जनता ने मुझे सेवा का अवसर दिया है। मेरा पहला काम बस्तर की जनता की बुनियादी समस्याओं का समाधान होगा जिसमें स्वास्थ्य सुविधा पानी की सुविधा समेत विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं पर काम किया जाएगा।

दीदी नीलम आनंद की 19वीं पुण्यतिथि पर विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया

रामानुजगंज(विश्व परिवार)। रामानुजगंज नगर के रिंग रोड में स्थित शिव चर्चा के शेड शिव शिष्य दीदी नीलम आनंद के 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं शिवकर समिति के जिला अध्यक्ष पंचम कुशवाहा के उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में शिव शिष्य परिवार के लोग उपस्थित थे सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके बताएं रास्ते पर चलने का भी संकल्प लिया ।कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बाउंड्रीवाल के लिए 2 लाख रुपय,20 सीलिंग फैन एवं वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि दीदी नीलम आनंद का पूरा जीवन मानवता के भलाई के लिए समर्पित रहा। उन्होंने शिव को गुरु बनाकर जो सूत्र हम सबको दिए उसका पालन करना चाहिए। मुझे जब-जब मौका मिलता है मैं शिव चर्चा सम्मिलित जरूर होता हु। शिव शिष्य भाइयों के हर सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं इसके पूर्व नगर में शिव चर्चा के लिए चबूतरा का निर्माण कराया गया था। वही आपकी आवश्यकता को देखते हुए यहां पर बाउंड्रीवाल के लिए 2 लाख रुपय, 20 सीलिंग फैन एवं वाटर कूलर लगवाया जाएंगा। जिला शिव कार्य समिति के अध्यक्ष पंचम कुशवाहा ने कहा कि शिव को गुरु बनाइए।

सिकलसेल के प्रति जागरुक किया व स्क्रीनिंग भी की

जेनेटिक कार्ड तथा पौष्टिक आहार का किया गया वितरण

कोंडागांव(विश्व परिवार)। विश्व सिकलसेल दिवस पर 19 जून को पूरे जिले में जागरुकता कार्यक्रमों के आयोजनों के साथ ही सिकलसेल की स्क्रीनिंग मुख्य कार्यक्रम जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम, उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, सदस्य बालसिंह बघेल, कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जेनेटिक कार्ड के वितरण के साथ ही पौष्टिक आहार का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने कहा कि सिकलसेल और एनीमिया जैसे रोगों पर नियंत्रण के माध्यम से ही स्वस्थ जीवन का आनंद प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन रोगों के कारण लोगों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है, जिसका दुष्परिणाम जिले के विकास पर भी पड़ता है। इन रोगों पर नियंत्रण के लिए जागरुकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एनीमिया के कारणों में एक कारण खानपान की आदतों में बदलाव भी शामिल है। अत: एनीमिया से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए। उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल ने कहा कि स्कूल, आश्रम-छात्रावास के अध्ययरत सभी बच्चों का स्क्रीनिंग करते हुए आवश्यक उपचार का सुझाव दिया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि सिकलसेल दिवस के अवसर पर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस केन्द्रों में भी जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सिकलसेल की जांच के साथ ही मरीजों को उपचार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिकलसेल के रोगियों की पहचान और उपचार अत्यंत आवश्यक है, इसलिए जिले में 40 वर्ष से कम आयु के सभी लोगों के सिकलसेल की जांच का लक्ष्य कोंडागांव में हासिल किया जा चुका है तथा अब जेनेटिक प्रमाण पत्र भी वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिकलसेल के साथ एनीमिया हो तो, अत्यंत घातक स्थिति निर्मित होती है। जिले में एनीमिया पर नियंत्रण का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है।

विश्व सिकलसेल दिवस पर विधायक नेताम ने मरीजों को किया जेनेटिक स्टेटस कार्ड का वितरण

उत्तर बस्तर कांकेर(विश्व परिवार)। विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कांकेर आशाराम नेताम तथा कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर व जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक नेताम एवं अन्य अतिथियों के द्वारा मरीजों को सिकलसेल जेनेटिक स्टेटस कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही जिला पंचायत में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 93 लोगों की स्वास्थ्य जांच भी की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से इस लक्ष्य को 2047 से पहले ही प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। इस दिशा में तेजी से स्क्रीनिंग का कार्य और स्क्रीनिंग पश्चात जिन लोगों को इस रोग के उपचार की आवश्यकतानुसार उन्हें दवा, उपचार, परामर्श और सतत् सहयोग देने के लिए राज्य शासन दृढ़ संकल्पित है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव के द्वारा सिकल सेल रोग की रोकथाम व बचाव के बारे में जानकारी दी गई तथा उपस्थित आम नागरिकों से अपील की गई कि सभी सिकल सेल की स्क्रीनिंग कराकर रोगी निरंतर इसकी दवा लें। कलेक्टर क्षीरसागर ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन अभियान प्रदेश व जिले के लिए महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने सिकलसेल के लक्षण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सिकलसेल की स्क्रीनिंग के पश्चात् नियमित दवाई और सतत निगरानी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि जिले में मलेरिया अब खत्म होने की स्थिति में है और इसी प्रकार सिकलसेल उन्मूलन अभियान के तहत सघन जांच कर इसके रोकथाम के लिए जारी निर्देशों का पालन करते हुए इसके प्रभाव को कम कर सकते हैं। उन्होंने सिकल सेल उन्मूलन के लिए व्यापक रूप से स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविरों के आयोजन करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर शुक्रवार 21 जून 2024

व्यापार समाचार

अमेरिका में अमेजन को झटका, श्रम कानूनों का उल्लंघन करने पर 60 लाख डॉलर का जुर्माना लगा

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन पर अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने के लिए लगभग 60 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। कैलिफोर्निया के इंडस्ट्रियल रिलेशंस डिपार्टमेंट ने एक बयान में कहा कि अमेजन ने कर्मचारियों को काम के कोटा के बारे में लिखित सूचना नहीं दी। वेयर हाउस कोटा कानून के तहत ऐसा करना अनिवार्य है। बयान के अनुसार, नियोक्ता ने तर्क दिया कि उन्हें कोटा प्रणाली की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वे सहकर्मी से सहकर्मी मूल्यांकन प्रणाली का उपयोग करते हैं। कानून के अनुसार वेयरहाउस नियोक्ताओं को कर्मचारियों को प्रति घंटे किए जाने वाले कार्यों की संख्या और कोटा पूरा न करने पर होने वाली किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानकारी देनी होती है। श्रम आयुक्त लिलिया गार्सिया-ब्रोवर ने कहा, अमेज़ॅन इन दो गोदामों में जिस सहकर्मी से सहकर्मी प्रणाली का उपयोग कर रहा था, वह ठीक उसी तरह की प्रणाली है, जिसे रोकने के लिए वेयर हाउस कोटा कानून बनाया गया था। गार्सिया-ब्रोवर ने कहा, अघोषित कोटा कर्मचारियों पर तेजी से काम करने का दबाव बढ़ाता है और कर्मचारियों को ब्रेक छोड़ने के लिए मजबूर करके चोट लगने की दर और अन्य उल्लंघनों को बढ़ा सकता है। श्रम आयुक्त कार्यालय ने 22 सितंबर 2022 को अपना प्रारंभिक निरीक्षण शुरू किया। जांच में पाया गया कि 20 अक्टूबर 2023 से 9 मार्च 2024 तक मोरेनो वैली और रेडलैंड्स गोदामों में नियमों के 59,017 उल्लंघन हुए।

गैलेक्सी S24 सीरीज़ में गैलेक्सी एआई फीचर्स की पेशकश के साथ की मोबाइल एआई युग की शुरुआत

गुरुग्राम। दुनिया तकनीक के एक नए और रोमांचक युग की शुरुआत में है। मोबाइल एआई का दौर आ गया है, जिसे सैमसंग ने गैलेक्सी **S**24 सीरीज़ में गैलेक्सी एआई फीचर्स के साथ पेश किया है। यह हमारा पहला एआई फोन है। हाइब्रिड एआई के साथ मोबाइल की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव गैलेक्सी **S**24 सीरीज़ में जनरेटिव एआई तकनीक के फायदे जोड़ने के लिए सैमसंग ने हाइब्रिड एआई का उपयोग किया है। एआई कई संभावनाएं पेश करता है। सैमसंग का मानना है कि मोबाइल डिवाइस एआई की क्षमता को दिखाने का जरिया हैं, क्योंकि दुनियाभर के यूजर्स अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए अपने फोन पर निर्भर रहते हैं। रोजमर्रा की जिंदगी में मोबाइल डिवाइस की अहम भूमिका होती है, क्योंकि लोग इन्हें कई महत्वपूर्ण और यादगार पलों के दौरान इस्तेमाल करते हैं। सैमसंग इसे समझता है और मानता है कि स्मार्टफोन को अधिक उन्नत होना चाहिए ताकि उपयोगकर्ता महत्वपूर्ण क्षणों का सरल, सहज और बेहतर तरीके से आनंद ले सकें। सैमसंग गोपनीयता के महत्व को भी समझता है, इसलिए यह ब्रांड यूजर्स को इस बात पर पूरा नियंत्रण देता है कि वे क्या शेयर करें और क्या निजी रखें। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में मोबाइल आरएंडडी ऑफिस के ईवीपी और हेड वॉन-जून चोई ने कहा, हमारा मानना है कि कंपनी का हाइब्रिड नजरिया सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए सबसे व्यावहारिक और विश्वसनीय समाधान है, जो सैमसंग को लीडर बनाए रखता है। हम यूजर्स को इंडस्ट्री के अग्रणी भागीदारों के साथ मिलकर खुले सहयोग के जरिए डिवाइस पर एआई के तेज रिस्पॉन्स, अतिरिक्त गोपनीयता और क्लाउड-आधारित एआई की सुविधाओं का संतुलन प्रदान कर रहे हैं, ताकि वे दैनिक जीवन के लिए जरूरी विभिन्न प्रकार के फंक्शन्स का आसानी से इस्तेमाल कर सकें।

ग्लोबल फंड्स ने भारतीय बॉन्ड में निवेश किए 83,000 करोड़ रुपये

नई दिल्ली(एजेंसी)। विदेशी निवेशक भारतीय बॉन्ड्स में जमकर निवेश कर रहे हैं। ये निवेश ऐसे समय पर किया जा रहा है जब इस महीने के अंत में भारतीय बॉन्ड्स को ग्लोबल इंडेक्स में शामिल किया जाना है। पिछले वर्ष सितंबर से अब तक भारतीय बॉन्ड्स में 10 अरब डॉलर (करीब 83,360 करोड़ रुपये) से ज्यादा का निवेश आ चुका है। जेपी मॉर्गन की घोषणा के मुताबिक, भारतीय बॉन्ड्स को उभरते हुए बाजारों की बॉन्ड इंडेक्स में 28 जून से शामिल किया जाना है। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, ग्लोबल फंड्स की ओर से 18 जून तक करीब 7,350 करोड़ रुपये (881 मिलियन डॉलर) का निवेश भारतीय बॉन्ड मार्केट में किया जा चुका है। ये आंकड़ा मई में 5,200 करोड़ रुपये पर था। हालांकि, अप्रैल में उनकी ओर से करीब 9,830 करोड़ रुपये की बिकवाली बॉन्ड मार्केट में की गई थी। भारतीय बॉन्ड मार्केट में आ रहा निवेश बॉन्ड यील्ड को कम रखने में ऐसे समय पर मदद कर रहा है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की गठबंधन सरकार केंद्र में बनी है। इस महीने के उच्चतम स्तर से 10 वर्ष की सरकारी बॉन्ड यील्ड में 8 आधार अंक की गिरावट हुई है और यह 6.98 प्रतिशत रही है। जानकारी के मुताबिक, जेपी मॉर्गन के बाद ब्लूमबर्ग इंडेक्स सर्विसेज की ओर से भी कुछ भारतीय बॉन्ड को अगले वर्ष की शुरुआत से उसकी उभरते हुए बाजारों की लोकल करेंसी इंडेक्स में शामिल किया जाना है।

रिकॉर्ड हाई पर खुले शेयर बाजार, सेंसेक्स 106 अंक उछला

मुंबई(एजेंसी)। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का दौर जारी है। बुधवार को मुख्य सूचकांक रिकॉर्ड हाई पर खुले। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमश- 77,581 अंक और 23,630 अंक का नया कीर्तिमान बनाया। सुबह 9-20 बजे तक, सेंसेक्स 106 अंक या 0.14 प्रतिशत उछलकर 77,448 अंक पर और निफ्टी 26 अंक या 0.11 प्रतिशत बढ़कर 23,595 अंक पर था। बाजार में बैंकिंग शेयरों में तेजी देखी जा रही है। बैंक निफ्टी 343 अंक या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 50,776 अंक पर था। लार्जकैप और स्मॉलकैप की अपेक्षा मिडकैप शेयरों में सीमित दायरे में कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 31 अंक या 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,458 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 21 अंक या 0.12 प्रतिशत गिरकर 18,260 अंक पर है।

केन विलियमसन ने छोड़ी न्यूजीलैंड की कप्तानी

केंद्रीय अनुबंध भी ठुकराया

नईदिल्ली(एजेंसी)। टी-20 विश्व कप 2024 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। टीम सुपर-8 में भी नहीं पहुंच पाई। ऐसे में सफेद गेंद की क्रिकेट में कीवी टीम के कप्तान केन विलियमसन ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कप्तानी छोड़ दी है और इसी के साथ केंद्रीय अनुबंध भी ठुकरा दिया है।विलियमसन टेस्ट क्रिकेट की कप्तानी पहले ही छोड़ चुके हैं। हालांकि, वह तीनों प्रारूप खेलते हुए नजर आएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस बात की पुष्टि की है कि विलियमसन अगले 8 टेस्ट मुकाबले खेलते नजर आएंगे। ये सभी मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाएंगे।इसके अलावा वह पाकिस्तान की सरजमीं पर अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भी न्यूजीलैंड के लिए बतौर बल्लेबाज खेलते नजर आ सकते हैं।केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को घरेलू टी-20 लीग के लिए उपलब्ध रहना होगा, विलियमसन ऐसा नहीं चाहते। विलियमसन टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के सबसे सफल कप्तान हैं। उन्होंने टीम के लिए सबसे ज्यादा मैचों में कप्तानी की है।उन्होंने 75 मैच में कप्तानी की और 39 मुकाबलों में न्यूजीलैंड को जीत और 34 मैच में हार का सामना करना पड़ा। 2 मैच टाई रहे और 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया।उन्होंने इन 75 मुकाबलों में 33.64 की औसत और 122.95 की स्ट्राइक रेट से 2,153 रन बनाए। उनके बल्ले से 16 अर्धशतक निकले। वनडे क्रिकेट में विलियमसन न्यूजीलैंड के दूसरे सबसे सफल कप्तान हैं। पहले स्थान पर स्टीफन फ्लेमिंग (218) हैं।विलियमसन ने 91 मैच में कप्तानी की है। 46 मैच में टीम को जीत और 40 मैच में हार मिली है। 1 मैच टाई रहा और 4 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।इन 91 मैचों में इस खिलाड़ी ने 51.35 की औसत से 4,057 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 7 शतक और 28 अर्धशतक निकले हैं। अपने शुरुआती दोनों मैच गंवाने वाली न्यूजीलैंड टीम ग्रुप-सी में तीसरे पायदान पर रही। कीवी टीम को अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में 84 रन से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था।इसी तरह वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने दूसरे मैच में भी उसे 13 रनों की हार झेलनी पड़ी थी।न्यूजीलैंड ने इसके बाद लगातार 2 मुकाबलों में युगांडा क्रिकेट टीम और पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

आरबीआई गवर्नर ने कहा, अप्रैल-जून तिमाही में विकास दर 7.2 प्रतिशत से ज्यादा रहने का अनुमान

मुंबई (एजेंसी)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई है कि पिछले वित्त वर्ष की मजबूत विकास दर चालू वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025 की अप्रैल-जून तिमाही में भी मजबूत विकास दर जारी रहेगी। इसे अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद से बल मिलेगा। दास ने मंगलवार को एक मीडिया कार्यक्रम में कहा, हमें इस बात को लेकर काफी उम्मीद है कि हमने इस साल की पहली तिमाही के लिए जो अनुमान लगाया है -- 7.2 प्रतिशत का, हम उससे आगे 7.3 प्रतिशत पर चले जाएंगे। दास ने यह भी कहा कि निजी खपत में सुधार हो रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कृषि क्षेत्र में मजबूत वृद्धि के कारण ग्रामीण मांग में सुधार हो रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस बार सामान्य से अधिक मानसून का अनुमान लगाया है, जिसके चलते खरीफ उत्पादन में वृद्धि होने की उम्मीद है। आरबीआई ने 7 जून को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी का अनुमान पहले के अनुमान 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया था। गवर्नर ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 7.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत और अंतिम तिमाही में 7.2 प्रतिशत रहने की संभावना है।

व्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 26 जून, 2024 को खुलेगा

नई दिल्ली(एजेंसी)। व्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड (वीआईएसएल या कंपनी), बुधवार, 26 जून, 2024 को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में अपनी बोली/निर्गम खोलेगी। प्रत्येक 10 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का कुल निर्गम साइज़ 1,710 मिलियन [171 करोड़] है, जिसमें नया निर्गम (फ्रेश इश्यू) शामिल है। एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार, 25 जून, 2024 होगी। बोली/निर्गम शुक्रवार, 28 जून, 2024 को सदस्यता के लिए बंद हो जाएगा। निर्गम का प्राइस बैंड 195 से 207 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 72 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 72 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं। (प्राइस बैंड)। कंपनी (i) बिलासपुर प्लांट में विस्तार परियोजना के तहत पूंजीगत व्यय के लिए शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है, जिसका अनुमान 1,645 मिलियन [164.50 करोड़] है और साथ ही (ii) सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए शेष राशि का उपयोग किया जाएगा। (इश्यू का उद्देश्य) बिलासपुर प्लांट में विस्तार परियोजना के लिए पूंजीगत व्यय के रूप में 1,645 मिलियन [164.50 करोड़] खर्च होने का अनुमान है। कंपनी ने पहले ही एचडीएफसी बैंक से ऋण लेकर 700 मिलियन [70 करोड़] लगा दिए हैं, जिसे आईपीओ की शुद्ध आय से चुकाने का प्रस्ताव है। 945 मिलियन [94.5 करोड़] की शेष राशि के लिए कंपनी ने पहले ही आंतरिक स्रोतों से 320 मिलियन [32.00 करोड़] लगा दिए हैं और आगे आंतरिक स्रोतों से 30 मिलियन [3.00 करोड़] लगाना चाहती है।

फोनपे पेमेंट गेटवे ने शुरू किया रेफरल प्रोग्राम



नई दिल्ली(एजेंसी)। फोनपे पेमेंट गेटवे (पीजी) ने फोनपे पीजी पार्टनर प्रोग्राम के नाम से एक रेफरल कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इसे उन कारोबारियों के लिए डिजाइन किया गया है जो ऑनलाइन कारोबार को आगे बढ़ाने में अपने क्लाइंट की मदद करना चाहते हैं। रेफरल पार्टनर के रूप में वे अपने क्लाइंट के रेफरेंस दे सकते हैं ताकि वे ग्राहकों से ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करना शुरू करें और अपने कारोबार को आगे बढ़ायें। इसके लिए उन्हें इंडस्ट्री के मानकों के हिसाब से अच्छे कमीशन की पेशकश की गई है। हर ट्रांजेक्शन के साथ उनकी रेफेरल से होने वाली आमदनी भी बढ़ती जाएगी। फोनपे पेमेंट्स गेटवे एंड ऑनलाइन मर्चेंट्स के प्रमुख अंकित गौड़ ने कहा, फोनेपे पीजी पार्टनर प्रोग्राम की लॉन्चिंग के साथ हम अत्याधुनिक भुगतान समाधान और भागीदारी के लिए रिवॉर्ड देकर कारोबारियों को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। उन्होंने कहा, हमने लॉन्चिंग के बाद से ही हमारे रेफरल प्रोग्राम को अपनाये जाने के मामले में 10 गुना वृद्धि देखी है। इस पहल के साथ हम अत्याधुनिक फिनटेक समाधान के साथ मर्चेंट को सशक्त बनाने और उनके ऑनलाइन कारोबार की सफलता को और आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। पीजी रेफरल प्रोग्राम की शुरुआत अहमदाबाद में एक भव्य कार्यक्रम में की गई। इसमें गौड़ ने कई सत्रों का नेतृत्व किया जो जानकारियों के आदान-प्रदान पर केंद्रित थे। संभावित रेफरल पार्टनरों ने चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया और ऑनलाइन विकास को बढ़ावा देते समय कारोबारियों के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान के बारे में बताया। फोनपे पीजी पार्टनर प्रोग्राम से जुड़कर कारोबारी अपने मर्चेंट को श्रेणी विशेष में सबसे बेहतर भुगतान समाधान प्रदान कर सकते हैं। इस सहयोग से विश्वसनीयता बढ़ती है और कारोबारी अपने क्लाइंट के पसंदीदा वेंडर बनकर विश्वास बना सकते हैं और कारोबार का विस्तार कर सकते हैं। विभिन्न क्षेत्र में कारोबार करने वाले इस कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं। इनमें डेवलपर, ईआरपी, सीआरएम, और एसएएएस कंपनियों जैसे टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इसमें पार्टनरों को हर महीने नियमित तौर पर कमीशन, फोनपे पीजी के कार्यक्रमों के लिए विशेष निमंत्रण और किसी भी क्वेरी के लिए समर्पित अकाउंट मैनेजर की सुविधा दी जाएगी। टेक्नोलॉजी पार्टनरों को अतिरिक्त सपोर्ट दिया जाएगा जिसमें अपने उत्पादों के निर्बाध इंटीग्रेशन के लिए तकनीकी सहायता भी शामिल है। इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए कारोबारियों को फोनपे पीजी पार्टनर पेज पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद फोनपे का एक प्रतिनिधि उन्हें कॉल करके केवाईसी और कार्यक्रम से जुड़ने की औपचारिकताओं में मदद करेगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें उनके पंजीकृत ईमेल पर एक रेफरल लिंक मिलेगा।

कलर्स के कलाकारों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया!

'शिव शक्ति - तप त्याग तांडव' में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले, राम यशवर्धन कहते हैं, भगवान शिव को आदियोगी - योग के अवतार के रूप में पूजा जाता है। वह परमेश्वर हैं जो शरीर, मन और चेतना के मिलन को नियंत्रित करते हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, भगवान शिव ने ही सबसे पहले योग और ध्यान का ज्ञान अपनी प्रिय पत्नी देवी पार्वती के साथ साझा किया था। मेरे लिए, ×स39;शिव शक्ति - तप त्याग तांडव शो में ऐसी पवित्र भूमिका को निभाना बड़े सम्मान की बात है। इस भूमिका के माध्यम से, मुझे दर्शकों के समक्ष भगवान शिव की शिक्षाओं और ज्ञान को जीवंत करने का सौभाग्य मिला है। मेरा लक्ष्य भगवान शिव के सबक - आत्म-अनुशासन का महत्व, और ध्यान की ताकत को प्रदर्शित करना है। 'खतरों के खिलाड़ी 14' की प्रतियोगी सुमोना चक्रवर्ती कहती हैं, 'खतरों के खिलाड़ी 14' की प्रतियोगी सुमोना चक्रवर्ती कहती हैं, योग कई वर्षों से मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। यह सिर्फ एक अभ्यास नहीं है, बल्कि एक जीवनशैली है जिसने मुझे स्थिरता दी है, मुझे मजबूत बनाया है, और जीवन की चुनौतियों के बीच अपार शांति दी है। इस योग दिवस पर, मैं सभी को इसके शक्ति का अनुभव करने और इसके द्वारा मिलने वाले गहरे आनंद को खोजने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ । 'मंगल लक्ष्मी' में मंगल की भूमिका निभाने वाली दीपिका सिंह कहती हैं, योग मेरे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है, और लंबे समय तक शूटिंग के बाद, योग मुझे आराम करने और रिचार्ज होने में मदद करता है। योग का अभ्यास न केवल मुझे शारीरिक रूप से फिट रखता है बल्कि मेरे तन और मन में संतुलन की भावना भी लाता है। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, मैं सभी को योग अपनाने और इसके लाभों का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती हूं।

क्रोमा ने भारत में 500 स्टोर की उपलब्धि हासिल की

नईदिल्ली (एजेंसी)। क्रोमा ने देश में अपने 500वें स्टोर के उद्घाटन की घोषणा की, जो कंपनी की वृद्धि और विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसे 'हैप्पी 500 टू यू' अभियान के शुभारंभ के साथ मनाया जा रहा है। यह कैम्पेन देश भर में लगातार बढ़ते ग्राहक आधार को उच्च गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रॉनिक्स प्रॉडक्ट्स और साथ में ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के प्रति क्रोमा के प्रयासों को दर्शाता है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मनाते हुए क्रोमा ने ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक विशेष प्रचार शुरू किया है। 19 जून से 23 जून तक, क्रोमा स्टोर, क्रोमा डॉट कॉम और टाटा न्यू पर सभी खरीदार चेकआउट पर कूपन कोड 'एच500टीयू' का उपयोग करके अपनी खरीदारी पर 10 फीसदी की छूट का आनंद ले सकते हैं। सीमित समय की इस पेशकश के जरिये क्रोमा ने ग्राहकों द्वारा वर्षों से दिखाए गए अटूट समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद अदा करने का प्रयास किया है। विशेष रूप से, यह प्रचार और भी खास है क्योंकि कूपन पर कोई उपयोग प्रतिबंध नहीं है और यह क्रोमा स्टोर, क्रोमा डॉट कॉम और टाटा न्यू सहित सभी बिक्री चैनलों पर लागू है। क्रोमा इनफिनिटी-रिटेल लिमिटेड के डिप्टी सीईओ श्री शिवाशीष ने इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए कहा, ''हमारा 500वां स्टोर खोलना विशेष रूप से खास है क्योंकि यह ग्राहक के करीब आने के हमारे समर्पण को रेखांकित करता है। इसके साथ, अब हम देश के सभी कोनों तक पहुँच चुके हैं। इस अवसर पर हम देश भर में और अधिक लोगों तक इलेक्ट्रॉनिक्स प्रॉडक्ट्स पहुँचाते हुए अपने फुटप्रिंट को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना चाहते हैं।'' क्रोमा की शुरुआत से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल में एक घरेलू नाम बनने तक की यात्रा के दौरान इनोवेशन पर निरंतर फोकस किया गया है और हमेशा इस बात पर ध्यान दिया गया है कि ग्राहकों की पसंद क्या है। आज, क्रोमा भारत के राष्ट्रीय बड़े प्रारूप वाले विशेषज्ञ ओमनी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर के रूप में मजबूती से खड़ा है, जो 180 से अधिक प्रमुख शहरों में 550 से अधिक ब्रांडों में 16,000 से अधिक प्रॉडक्ट पेश करता है। यह विशाल उत्पाद रेंज और व्यापक पहुंच सुनिश्चित करती है कि ग्राहकों को इलेक्ट्रॉनिक्स में नवीनतम और सर्वश्रेष्ठ तक पहुंच प्राप्त हो, चाहे वे ऑनलाइन खरीदारी करें या स्टोर में। 'हैप्पी 500 टू यू' अभियान के बारे में अधिक जानकारी के लिए और उत्पादों की व्यापक रेंज को देखने के लिए, क्रोमा स्टोर्स, क्रोमा डॉट कॉम या टाटा न्यू पर जाएं। क्रोमा के साथ जश्न मनाएं और अपने पसंदीदा इलेक्ट्रॉनिक्स पर शानदार असीमित छूट का आनंद लेने के लिए इस सीमित समय की पेशकश का लाभ उठाएं।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024

राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की दी शुभकामनाएं

रायपुर (विश्व परिवार)। राज्यपाल विश्वभूण हरिचंदन ने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने योग दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को अपने संदेश में कहा है कि योग हमारे देश की प्राचीन विद्या है और उत्तम स्वास्थ्य के लिए एक जीवन दर्शन है। योग से कोई भी व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है साथ ही उनका मन भी एकाग्रचित रहता है। स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए नियमित योग करना चाहिए और अन्य लोगों को भी योग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

कुलपति डॉ. चंदेल को आज 'कर्नल कमांडेंट' की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा

एनसीसी के अतिरिक्त महानिदेशक अजय महाजन करेंगे अलंकृत

रायपुर (विश्व परिवार)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) द्वारा 'कर्नल कमांडेन्ट' मानद रैंक प्रदान की गई है। कल 21 जून को डॉ. चंदेल को छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश एन.सी.सी. निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल श्री अजय कुमार महाजन कर्नल कमांडेन्ट की मानद उपाधि से अलंकृत करेंगे। कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभागार में प्रात: 11 बजे आयोजित अलंकरण समारोह में श्री महाजन द्वारा डॉ. चंदेल को कर्नल कमांडेन्ट की उपाधि तथा नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा एन.सी.सी. सेवा संचालित करने वाले विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को कर्नल कमांडेन्ट की उपाधि से सम्मानित किया जाता है। डॉ. चंदेल इस वर्ष छत्तीसगढ़ में एन.सी.सी. कर्नल कमांडेन्ट की उपाधि से सम्मनित किये जाने वाले एकमात्र कुलपति हैं।

आयुक्त ने व्हीआईपी रोड में श्रीराम मंदिर के समीप नाले की सफाई का निरीक्षण किया

रायपुर (विश्व परिवार)। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजधानी शहर रायपुर में व्हीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर के समीप के बड़े नाले की सफाई व्यवस्था का मानसून पूर्व निरीक्षण किया। नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा एवं संबंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देष दिये। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विषेष ध्यान रखें कि श्रीराम मंदिर के समीप के नाले में मानसून की बारिष के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न होने पाये और नाले में निकास प्रबंधन मानसून में निरंतर सुगम बने रहे। आयुक्त ने नाला क्षेत्र में निरंतर सफाई सतत मॉनिटरिंग के साथ प्राथमिकता से जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से सुनिश्चित करवाने के निर्देष जोन 10 जोन कमिश्नर एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी को दिये।

योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं : विजय शर्मा

किसानों को खाद बीज के लिए न हो परेशानी, अधिकारियों को इसका विशेष ध्यान रखने निर्देश

कबीरधाम में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

रायपुर (विश्व परिवार)। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ का पूरी पारदर्शिता और दक्षता के साथ क्रियान्वयन हों और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँचना चाहिए। वें आज कबीरधाम जिला कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में राज्य तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रम एवं कबीरधाम जिले के समग्र विकास के लिए विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि खरीफ मौसम में किसानों को खाद, बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो किसानों को परेशानी न हो। प्रधानमंत्री किसान सम्मान

निधि योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि जिले के एक भी पात्र किसान योजना से वंचित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित सभी स्कूलों में पेयजल, शौचालय सहित स्कूल भवन के बेहतर रख रखाव होना चाहिए। इसी प्रकार उन्होंने बीईओं एवं स्कूल समन्वयकों को स्कूलों का निरीक्षण करने और सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाने के भी निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने पीएम जनमन योजना की समीक्षा में कहा कि तकनीकी समस्या के कारण छूटे हुए 14 ग्रामों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि बोडला विकासखण्ड के 179 ग्राम और पंडरिया विकासखण्ड के 77 ग्राम शामिल है। इस दौरान उन्होंने वनांचल क्षेत्रों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये।

समाज कल्याण मंत्री ने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की दी बधाई

रायपुर (विश्व परिवार)। समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रदेशवासियों को दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि योग आध्यात्मिक अनुशासन और सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित ऐसा ज्ञान है जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य बनाने में सहायता करता है। हमारी प्राचीन जीवन पद्धति का यह हिस्सा रहा है। योग को निरोग और स्वस्थ जीवन शैली का आधार माना गया है। आधुनिक जीवन शैली में घटती शारीरिक प्रतिरोधकता, तनाव युक्त व्यस्त जीवन को व्यवस्थित करने के लिए योग का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि ध्यान-योग जहां हमें मानसिक मजबूती

देता है, वहीं शारीरिक यौगिक क्रियाएं, स्वस्थ्य और निरोगी शरीर का निर्माण करती हैं। स्वस्थ शरीर के लिए योग को दैनिक जीवन शैली में अपनाना आवश्यक है। इस वर्ष योग दिवस पर 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' थीम पर पूरे विश्व में आयोजन किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योग आयोग, लगातार लोगों को सोशल मीडिया और शिविरों के माध्यम से योग प्रशिक्षण देकर स्वस्थ जीवन-शैली के लिए प्रेरित कर रहा है। नगर निगम क्षेत्रों में लोगों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करने के लिए नि:शुल्क योग शिविर शुरू किए गए हैं। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए योग के प्रति जागरूकता जरूरी है।

रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर कर्मचारी ट्रेनिंग स्कूल परिचालन/बीएमवाई में संरक्षा सेमिनार का आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 20 जून 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, यांत्रिक, तथा वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों के साथ कर्मचारी ट्रेनिंग स्कूल परिचालन/ बीएमवाई में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

स्पैड से बचाव एवं ऑटो सिग्नल के फेलुअर में गाड़ियों का परिचालन, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं गाडियों की सिक्योरिंग, बी आर एन रैक में रेल, क्राईल एवं अन्य माल की सिक्योरिंग, मालगाडियों में तारपोलिन का व्यवहार, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण एवं अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन।

इस संरक्षा सेमिनार में श्री प्रवीण कुमार, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर, श्री आर के सोनी, सहायक मंडल विद्युत अभियंता/ परिचालन/ भिलाई तथा त्रिनाथ मोहंती, संरक्षा सलाहकार/विद्युत, श्री हरिश्चंद्र कर, संरक्षा सलाहकार/विद्युत श्री आर. पी. मंडल, ट्रेनिंग स्कूल का प्रशिक्षक, श्री आर बैनर्जी/मुख्य लोको निरीक्षक/बीएमवाई, श्री विद्यासागर/वाणिज्य निरीक्षक/दुर्ग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 55 लोगों ने भाग लिया।

परम जीवनम योग, ध्यान और आत्मबोध केंद्र सेक्टर 4 कमल विहार, रायपुर द्वारा 23 जून को योग महोत्सव का आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। परम जीवनम योग, ध्यान और आत्मबोध केंद्र सेक्टर 4 कमल विहार, रायपुर द्वारा आगामी योग दिवस के अवसर पर 23 जून को रायपुर केंद्र में योग महोत्सव 2024 का आयोजन किया जाएगा। प्रस्तावित कार्यक्रम में राज्य के ख्याति प्राप्त चिकित्सा विशेषज्ञ और योग तथा आध्यात्म से जुड़े लोग अपना अनुभव साझा करते हुए लोगों का मार्गदर्शन करेंगे। योगाचार्य चूड़ामणि एवं श्रीमती अजंता चौधरी द्वारा विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन और योग के दैनिक जीवन में महत्व के साथ-साथ चेयर योगा पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही साथ कैंसर गोष्ठी कार्यक्रम में सर्वाइकल और प्रोस्टेट कैंसर पर डॉ. पुष्पावती ठाकुर और डॉ. वरुण शर्मा द्वारा रोग के कारण, निदान, उपचार, रोकथाम और बचाव से लोगों को अवगत कराया जाएगा। परम जीवन फाउंडेशन के प्रमुख डॉ. एच.पी. सिन्हा ने बताया कि ये संस्था पूर्णत: योग और ध्यान को समर्पित है जहां लोगों को इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान कर तनावमुक्त



जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। परम जीवनम् संस्थान की सहसंचालक डॉ. मनीषा बी. सिन्हा ने कहा कि नगर निवासियों में तनाव, अवसाद और चिड़चिड़ापन दूर करने तथा योग, ध्यान और अध्यात्म के प्रति जागरुकता लाने के उदेश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सभी प्रतिभागियों के लिए नि:शुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है ताकि अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम के सहभागी बन सके। परम जीवन योग विषय पर डॉ. एच.पी. सिन्हा के व्याख्यान के साथ सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री दीपक व्यास और टीम द्वारा संगीतमय भजन श्रृंखला का आयोजन भी किया जाएगा। परम जीवनम के संचालक सदस्यों ने अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन का लाभ उठाने का आह्वान किया है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी और नि:शुल्क पंजीयन हेतु परम जीवनम् केंद्र, कमल विहार रायपुर एवं मोबाइल नं. 8109998544, 7310931548 पर संपर्क किया जा सकता है।

राज्य में खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करें : खेल मंत्री टंकराम वर्मा

युवाओं को रचनात्मक कार्यों के लिए प्रोत्साहित करें : खेल मंत्री

रायपुर (विश्व परिवार)। राज्य के खेल मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने मंत्रालय में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक ली एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सर्वप्रथम विभाग की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतिकरण किया गया। आगामी प्रस्तावित क्रियाकलापों का भी प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रस्तुतिकरण के दौरान जानकारी दी गई कि उत्कृष्ट खिलाड़ी अलंकरण के शेष वर्षों के पुरस्कारों की घोषणा भी शीघ्र की जायेगी। केंद्र शासन के ''खेलो इंडिया'' के तहत प्राप्त वर्तमान बजट के साथ-साथ नवीन जिलों एवं नवीन खेलों के विकास हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने की प्रक्रिया प्रचलन में है।

बैठक में खेल मंत्री श्री वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि राज्य के मौजूदा खेल अंधोसंरचनाओं के रख-रखाव एवं विस्तार पर कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने खेल गतिविधियों एवं युवाओं में रचनात्मक क्रियाकलापों को प्रोत्साहित करने हेतु 5 वर्ष की सुदृढ़ कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। श्री वर्मा ने ''छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना'' एवं ''मुख्यमंत्री युवा रत्न'' पुरस्कार की सुदृढ़ एवं पारदर्शी योजना पर इस सत्र से क्रियान्वयन करने कहा।

बैठक में खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश में स्थापित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान से संबद्धता प्राप्त कर, छत्तीसगढ़ में भी इकाई महाविद्यालय प्रारंभ करने हेतु केंद्र स्तर पर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक लोकप्रिय एवं परंपरागत खेलों के संरक्षण, प्रोत्साहन एवं सुविधाओं हेतु पृथक से कार्य योजना तैयार करें।

करंट से हुई मौत का मुआवजा जल्द दिलाएं : डॉ. गौरव सिंह

कलेक्टर ने किया पंचायत कार्यालय में किया पंजी का अवलोकन

रायपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने ग्राम परसुलीडीह में पंचायत कार्यालय पंजी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गांव में होने वाले हर जन्म और मृत्यु का रिकार्ड अपडेट रखें, ताकि योजनाओं का सही समय और सही व्यक्ति को लाभ मिले। उन्होंने पंजी के निरीक्षण के दौरान दो व्यक्तियों की करंट से मौत की जानकारी मिली। इस पर कलेक्टर ने बिजली विभाग से समन्वय कर जल्द मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वहीं पर तानिया फिस फीड सेंटर का अवलोकन किया। इसे प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से लाभ मिला है। कलेक्टर डॉ सिंह ने केन्द्र के संचालक श्रीमती सीमा कौशिक से केन्द्र की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम परसुलीडीह में एनआईटी के लिए निर्धारित स्थल का निरीक्षण किया। यहां पर दस हजार पौधे का रोपण किया जाना है। कलेक्टर ने इसे जल्द शुरू किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री विश्वदीप सहित संबंधित उपस्थित थे।